
दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761
वर्ष-10, अंक-175
इन्दौर, रविवार
22 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.
इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



## ‘आचार्य विद्यासागर मेडिकल कॉलेज’ होगा सागर मेडिकल कॉलेज का नाम : मुख्यमंत्री

### प्रदेश में जैन कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा, मुख्यमंत्री निवास में क्षमावाणी महोत्सव का हुआ आयोजन

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सागर मेडिकल कॉलेज का नाम आचार्य विद्यासागर मेडिकल कॉलेज÷ होगा। उन्होंने जैन धर्माम्बलम्बियों को बड़ी सौगात देते हुए कहा है कि प्रदेश में जैन कल्याण बोर्ड का गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता से जैन मुनियों को उनके विहार के दौरान नगरीय क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र में भवन की आवश्यकता होने पर निःशुल्क भवन सुविधा उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में आयोजित क्षमावाणी महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म और संस्कृति का गौरवशाली इतिहास है। देश-प्रदेश के साथ उज्जैन भी जैन धर्म को हजारों सालों से मानने वाली नगरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले महिने नीमच, मंदसौर और सिवनी में मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जैन समाज के प्रति समर्पण के लिए प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का क्षमावाणी महोत्सव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोई भी देश उन्नति, प्रगति करता है और सक्षम बनता है तो अपनी संस्कृति का दूसरों पर भी प्रभाव डालना चाहता है। हमें गर्व है कि हमारा देश हमेशा अपनी शक्ति का सदुपयोग करने की दिशा में बढ़ता है, इसमें हमारा दर्शन छुपा है। भारत शक्ति सम्पन्न बनकर अपने नागरिकों का भला करना तथा विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल होना चाहता है। हमें गर्व उस समय और होता है जब इतना शक्ति सम्पन्न होकर भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रूस और यूक्रेन के बीच जाकर शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाई है। कानून व्यवस्था, सुशासन की स्थापना करना सरकार का दायित्व है। राज्य सरकार ने सभी संभागों के अंतर्गत आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। गौशालाओं, गाय को पालने के लिए प्रोत्साहन देंगे। दूध बिक्री पर बोनस देने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हजारों सालों से हमारे देश के शासकों ने ÷जियो और जीने दो÷ की परम्परा का निर्वहन किया। हमने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया। किसी को गुलाम नहीं बनाया। यह हमारी परम्परा रही है। कदम-कदम पर हमारी संस्कृति के उदाहरण मिलते हैं। समर्थ, सक्षम और बड़ा आदमी छोटे के प्रति क्षमा का भाव रखें तो सही है। बड़ा आदमी छोटे के प्रति विनम्रता का भाव रखे तो यह वीरता को दर्शाता है। यह भगवान महावीर का दर्शन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन धर्म के आचार्यों ने हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया है। जैन मुनियों के माध्यम से जीवन जीने का आनंद, प्रेरणा संबल और सहारा मिलता है। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि क्षमा की भावना रखना बड़ी बात है। क्षमा वही कर सकता है जो क्षमतावान और शक्तिमान है। क्षमावाणी हमारी संस्कृति का बड़ा और पवित्रता का पर्व है। सम्पूर्ण जैन समाज देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी समाजों और वर्गो को साथ लेकर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना के अनुरुप सबका साथ - सबका विकास कर रहे हैं। सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैन दर्शन को बढ़ावा देने का कार्य किया है। हमारी संस्कृति का संदेश का यह महत्वपूर्ण पर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी त्यौहारों और पर्व को महत्व दे रहे हैं। पूर्व मंत्री श्री जयंत मलैया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बहुत समय के बाद क्षमावाणी कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुआ है। कार्यक्रम में विधायक उज्जैन श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, निवाड़ी विधायक श्री अनिल जैन, सागर विधायक श्री शैलेंद्र जैन, शिवपुरी विधायक श्री देवेन्द्र जैन, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व मंत्री श्री ओम प्रकाश सकलेचा, पूर्व मंत्री श्री सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री श्री जयंत मलैया, पूर्व मंत्री श्री शरद जैन सहित जनप्रतिनिधि और जैन धर्म के अनुयायी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंगलाचरण नृत्य एवं स्वागत गीत और भजनों की प्रस्तुत हुई। क्षमावाणी पर्व से संबंधित लघु वीडियो फिल्म दिखाई गई।

## आतिशी बनीं दिल्ली की सबसे युवा सीएम

### शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज के बाद सीएम बनने वाली तीसरी महिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 17वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित CM रह चुकी हैं।



शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब छ्रू भगवंत मान शामिल हुए। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय ने मंत्री पद की शपथ ली। कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत मंत्री पद की शपथ लेंगे। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं। 43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा CM होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार छ्रू बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। AAP विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम छ्रू के रूप में फाइनल किया था।

#### आतिशीः केजरीवाल और सिसोदिया की भरोसेमंद

केजरीवाल और सिसोदिया के जेल में रहते हुए पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखती रहीं हैं। स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के लिए भी केजरीवाल ने आतिशी के नाम की सिफारिश की थी। 2013 के विधानसभा चुनावों के लिए आप का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सदस्य थीं। उसके बाद से ही पार्टी को विस्तार में अहम भूमिका निभाती रही हैं।

#### पार्टी का मजबूती से पक्ष रखते हैं

2013 से विधायक और मंत्री हैं। केजरीवाल के भरोसेमंद नेता हैं। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में रहने के दौरान आतिशी के साथ भाजपा पर लगातार हमलावर रहे हैं। मनीष सिसोदिया के जेल जाने पर आतिशी के बाद महत्वपूर्ण मंत्रालय सौरभ को ही सौंपे गए।

#### गोपाल रायः वर्किंग क्लास कम्युनिटी के बीच अच्छी पकड़

2013 में पहली बार सत्ता में आने के बाद से क्सरकार का हिस्सा रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। केजरीवाल के भरोसेमंद माने जाते हैं। दिल्ली की वर्किंग क्लास कम्युनिटी के बीच अच्छी पकड़ है। कई मौकों पर पार्टी के लिए संकटमोचक बनकर उभरे हैं। मौजूदा दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री हैं। मंत्री पद संभालने का लंबा अनुभव है।

#### OTP से ही खुलेंगे घी के टैंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नंदिनी ने तिरुपति को भेजे जाने वाले घी में मिलावट या किसी प्रकार की छेड़छाड़ की संभावना को पूरी तरह से खत्म करने के लिए विशेष सावधानियां बरती हैं. इसके लिए नंदिनी ने घी ले जाने वाले टैंकरों में जीपीएस और इलेक्ट्रॉनिक लॉकिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई है. यह तकनीक सुनिश्चित करेगी कि टैंक दक्षिण भारत, विशेषकर कर्नाटक में डेयरी उत्पादों का 'नंदिनी' एक विश्वसनीय नाम है. नंदिनी दूध और घी अपनी हाई क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध हैं, और इनकी मांग दक्षिण भारत में काफी अधिक है. तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) के लिए भी नंदिनी ब्रांड की घी वर्षों से पहली पसंद

## बीजेपी मेरे बयान को लेकर झूठ फैला रही: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी के अमेरिका दौरे को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस पर हमलावर है. बीजेपी का आरोप है कि राहुल गांधी ने आरक्षण और सिखों को लेकर विवादित बयान दिया. इस पर अब पहली बार नेता विपक्ष राहुल की सफाई सामने आई है. उन्होंने कहा कि बीजेपी अमेरिका में मेरी बयान को लेकर झूठ फैला रही है. दरअसल, 10 सितंबर को राहुल गांधी ने वाशिंगटन डीसी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था, लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति है, या एक सिख को भारत में कड़ा पहनने की अनुमति है या एक सिख को गुरुद्वारा



जाने की अनुमति है. लड़ाई इसी बात को लेकर है. और यह सभी धर्मों के लिए है. राहुल गांधी बयान को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है. बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस सांसद ने सिखों का अपमान किया है. इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तो राहुल गांधी को आतंकवादी तक कह दिया. इस पूरे विवाद के बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपने 10 सितंबर के भाषण का वीडियो अटैच करते हुए बीजेपी पर पलटवार किया है.

## नीतीश कुमार के जाते ही लूट ली गई मछलियां

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सहरसा से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम खत्म होते ही मछलियां लूट ली गई. इस दौरान लोगों ने कहा कि हम लोग नीतीश कुमार को देखने नहीं मछली लेने आए थे. वहीं, अधिकारियों ने कहा इस घटना से 45 हजार का नुकसान हुआ है. बिहार के सहरसा में नीतीश कुमार का कार्यक्रम खत्म होते ही मछलियां लूट ली गई. इस दौरान लोगों ने खूब हंगामा किया.



साथ ही लोगों ने बायोफ्लॉक तोड़ दिया और सारी मछलियां उठा ले गए. इस दौरान लोगों ने कहा कि हम लोग नीतीश कुमार को देखने नहीं मछली लेने आए थे. वहीं, अधिकारियों ने कहा इस घटना से 45 हजार का नुकसान हुआ है. दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को सहरसा के दौरे पर पहुंचे थे. उन्होंने सहरसा में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने सबसे पहले दिवारी स्थित मां विषहरी मंदिर का उद्घाटन किया. इसके बाद वे अमरपुर के लिए रवाना हो गए. उन्होंने अमरपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई थी,

## सूरत में ट्रेन पलटाने की कोशिशें नाकाम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** देश में रेल हादसों की कोशिशों पर रोक नहीं लग पा रही है। कुछ असामाजिक तत्व और अपराधी लगातार ऐसी साजिशें कर रहे हैं, जिससे घटनाएं बढ़ रही हैं। ताजा मामला गुजरात के सूरत का है। शनिवार को सूरत के किम रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से फिश प्लेट और चाबियां मिलीं। इसकी जानकारी से रेल महकमे में खलबली मच गई। जिन लोगों ने ऐसी हरकत की है, उनका इरादा ट्रेन को पटरी से उतारने का था, लेकिन रेल अधिकारियों की सतर्कता से यह प्रयास विफल हो गया।




पश्चिमी रेलवे के वडोदरा डिवीजन ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने अप लाइन से फिश प्लेट और चाबियां खोलकर ट्रैक पर रख दीं, जिससे ट्रेनों की आवाजाही रुक गई। रेलवे ग्राउंड स्टाफ मौके पर पहुंचे और अवरोधों को हटाकर रेल यातायात को बहाल किया। इस बीच दिल्ली और मथुरा के बीच मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण बाधित रेल यातायात फिर से बहाल हो गया है।

## तिरुपति मंदिर प्रबंधन बोला- प्रसाद अब पवित्र

### कहा- जांच में एनिमल फैट की पुष्टि, पूर्व राष्ट्रपति बोले- ऐसा हर मंदिर में हो सकता है

**अमरावती (एजेंसी)।**

आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डूओं की पवित्रता विवाद के बीच मंदिर प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने कहा कि प्रसादम अब पूरी तरह से शुद्ध और पवित्र है। इसे आगे भी रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उधर TTD के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने घी में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने की बात मानी है। शुक्रवार, 20 सितंबर को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लड्डू जिस घी



से बनाए जा रहे थे, उसके सैंपल्स के 4 लैब रिपोर्ट्स में इसकी पुष्टि हुई है। राव ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के पास अपनी लैब नहीं थी। घी सप्लायर एआर डेयरी फूड्स ने इसका फायदा उठाया। इस बीच शनिवार को केंद्र और राज्य सरकार में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फूड्स की फैक्ट्री में जांच करने पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी में कहा- %कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया, तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई। मेरा मन थोड़ा खटका। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है। हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है।

## विनेश फोगाट के प्रचार में जुट रहीं महिलाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव और रोचक हो गया है। ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर जुलाना विधानसभा से चुनाव लड़ रही हैं। उनकी सभाओं में भीड़ भी आ रही है। कड़ी धूप में भी लोग उन्हें सुनने के लिए आ रहे हैं। रामकली गांव में विनेश फोगाट चुनाव प्रचार के लिए पहुंची थी और हजार से अधिक लोग पहुंच गए। रामकली गांव के सरपंच रामतीरथ सिंह ने 50 किलो देसी घी के लड्डू का आर्डर दिया है। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि हम विनेश फोगाट के वजन के बराबर गांव में लड्डू बंटवाएंगे। राम तीरथ सिंह को लगता है कि पेरिस में विनेश का साथ भारत सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाई साहब सरकार ने साथ नहीं दिया, उन्हें साथ देना चाहिए था। पूरी दुनिया हमें देख रही है और अब हमारा कर्तव्य है कि हम विनेश के साथ खड़े हो। विनेश के समर्थन में गाने भी बनाए गए हैं और इसमें सरकार पर निशाना भी साधा गया है। फोगाट को हार कर जीतने वाला बताया गया है। इस गाने में बृजभूषण सिंह प्रकरण का भी जिक्र किया गया है।

## टीप



आज में ड्यूटी के बाद होटल में खाना खाने गया एक छोटा सा लड़का होटल में आया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और पुछा,कि आपको क्या चाहिए सर ? उस छोटे से बच्चे ने उल्टा पुछा, वैनिला आइसक्रीम कितने रूपए का है ? उस वेटर ने जवाब दिया पचास रुपये का। यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाथ डालकर कुछ निकला और हिसाब किया। उसने दुबारा पुछा कि संतरा वाली आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दुबारा जवाब दिया और कहा पैंतीस रुपये का सर।यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा,मेरे लिए एक संतरा वाली आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया।जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में उसके लिए पंद्रह रुपय का टिप छोड़ गया था।

**प्रेमनारायण वेद**
**इंदौर**

## प्यार



पापा, सोमवार को उपवास तो मम्मी का रहता है। उनके साथ सुबह आप भी मंदिर जाते हैं, पर दोपहर में आप दुबारा मंदिर क्यों जाते हैं ? बेटे ने जिज्ञासावश पूछा।

प्रसाद लेने के लिए जाता हूँ बेटा। पिता जी ने बताया।

प्रसाद लेने ? पर आप तो थोड़ा-सा खाकर बाकी सब मम्मी को ही दे देते हैं। बेटे ने कहा।

बेटा, दरअसल मैं उसी के लिए प्रसाद लेने जाता हूँ। मेरा उपवास नहीं रहता, सो मैं तो कुछ भी खा सकता हूँ, पर तुम्हारी मम्मी दिन भर भूखी रहे, ये मुझे अच्छा नहीं लगता। इसलिए प्रसाद को वह मना भी नहीं कर सकती। पर सावधान ये बात अपनी मम्मी को बिल्कुल भी मत बताना। पिता ने कहा।

यू आर ग्रेट पापा। मैं तो सोचता था कि मम्मी को सबसे ज्यादा प्यार मैं ही करता हूँ, पर आज पता चला कि रियली लव यू पापा। बेटे ने कहा।

**डॉ प्रदीप कुमार शर्मा**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**
**9827914888**

# बालों में तेल लगाने का सही तरीका



समाज में दो तरह के लोग देखे जाते हैं . एक वह जो हर वक्त सिर में तेल लगाए रखते हैं और दूसरे जो सिर में कभी भी तेल नहीं लगाते चाहे कुछ भी हो जाए। यह दोनों चीजें ही खराब है. बालों में तेल लगाना एक पुरानी परंपरा है।

दक्षिण एशियाई और अफ़्रीकी देशों में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है. महर्षि चरक ने पहली शताब्दी में चरक समहिता में बालों को तेल लगाने का बिबरण लिखा है . चरक संहिता में बालों को तेल लगाने को दिनचर्या का हिस्सा बताया गया है . इसमें बालों को हर सुबह तेल लगाने या दो तीन दिन में एक बार बालों को तेल लगाने की हिदायत दी गई है .

आयुर्वेदिक में बालों की चम्पी और तेल मालिश की परम्परा को बालों की सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है . बिशेसज्ञों का मानना है की बालों में तेल लगाने से बाल घने और मज़बूत होते हैं . आयुर्वेद में नारियल और तिल का तेल बालों के लिए लाभदायक माना जाता है . बिभिन्न देशो के लोग अपने एरिया में उगने बाले तेलों का उपयोग करते हैं जोकि उनकी भौगोलिक परिस्थितिओं के अनुरूप उपयुक्त माना जाता है . मिस्र के लोग अपने बालों को पोषण देने के लिए बादाम और अरंडी के तेल का इस्तेमाल करते थे, मोरक्को के लोग आर्गन और दक्षिण अफ़्रीकी लोग मारुला का इस्तेमाल करते हैं .

बालों को तेल लगाने के फायदों के बारे में अधिकतर लोग जानते हैं लेकिन बालों में तेल को सही तरीके से लगाने और सही समय पर लगाने के बारे में अनेक भ्रांतिया मौजूद हैं जिनकी बजह से लोग गलत तरीक से बालों पर तेल लगाते हैं और उन्हें फायदे की बजाय नुकसान झेलना पड़ सकता है

बालों में सही तरीके से तेल लगाने से बालों की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। तेल बालों को पोषण देकर उन्हे झड़ने से रोकता है और ड्राईनेस की समस्या को दूर करने में मदद करता हैं। हफ्ते में एक या दो बार तेल से बालों की मसाज अवश्य करनी चाहिए।

आयुर्वेद के अनुसार आपको बालों में नहाने से पहले तेल लगाना चाहिए . बालों को मजबूत बनाने के लिए हफ्ते में दो बार गुनगुने तेल से बालों की मसाज करनी चाहिए . अधिकांश लोग शैम्पू करने के बाद बालों में तेल लगाते हैं जिसकी बजह से उनके बालों में धूल मिट्टी जम जाती है और बाल टूटने लगते हैं . सामान्यत बालों को शैम्पू करने से दो तीन घण्टा पहले तेल लगाना चाहिए ताकि तेल बालों की जड़ों तक पहुंच जाये . अगर आप सुबह जल्दी नहाते हैं तो आप बालों में रात को तेल लगा कर सो सकते हो . ऐसा करने से पूरी रात बालों को तेल का पोषण मिलता है। साथ ही साथ सिर की त्वचा भी नरम और स्वस्थ बनी रहती है।

यह बेहतर होगा की सोते समय बालों को कैप से ढक लें ताकि तेल बालों तक ही सीमित रहे और तकिया , चदर आदि को खराब न करे .

बालों में तेल लगाने के लिए सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना करें।

जब तेल थोड़ा ठंडा हो जाएं तो बालों को दो हिस्सों में बांट कर तेल से उंगलियों की मदद से हल्के हलके स्कैल्प और बालों की मसाज करें। अब एक तौलिये को गर्म पानी में भिगो कर निचोड़ लीजिये और तौलिये को पगड़ी की तरह 15 मिनट तक सिर पर बांध लें . इससे स्कैल्प के रोम छिद्र खुल जाते हैं। जिससे तेल स्कैल्प में अच्छे से अवशोषित होगा । तेल लगाने के दो तीन घण्टे बाद आप बालों को धो सकते हैं . अगर आपने रात को तेल लगाया है तो आप सुबह उठते ही बालों को धो सकते हैं . लेकिन अगर आपने बालों पर कोई ट्रीटमेंट कराया हैं, तो हेयर एक्सपर्ट से बात करके ही बालों में तेल लगाएं .

बालों में इस तरह तेल लगाने से बाल मजबूत होने के साथ चमकदार भी बनेगें और झड़ने से भी बचेंगे।

आपको कौन सा तेल लगाना चाहिए इसके बारे में कोई सख्त नियम बंधे नहीं हैं . आप अपने बालों को कोई भी तेल लगा सकते हैं जोकि आपको अच्छा लगे . जायदातर लोग नारियल या सरसों का तेल उपयोग में लाते हैं और दोनों ही बराबर तौर पर उपयोगी हैं।

बालों में उपयोग करने बाले तेल को हर तीसरे महीने बदलेंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे . आप नारियल।, सरसों और कोई अन्य तेल बारी बारी से लगाएं . बालों में कोई भी नया तेल लगाने से पहले एक्सपर्ट से जरूर सलाह लें

आजकल की युवा पीड़ी को लगता है कि बालों में तेल लगाने से चिपचिपाहट होती है जिसे बह असहज महसूस करते हैं और उनका लुक बिगड़ जाएगा। मगर बालों में तेल लगाने के कई ऐसे फायदे हैं, जो आपको शैंपू, कंडीशनर या सीरम लगाने से कभी नहीं मिलेंगे।

**शहनाज़ हुसैन**

## सुविचार



दूसरे की मूर्खता पर कभी क्रोध नहीं करना चाहिए। मूर्ख दया के पात्र होते हैं। क्रोध किसी दूसरे को नहीं, हमें नुकसान पहुंचाता है। यह रक्तदाब बढ़ाता है और विवेक को चौपट करता है।

**– सुभाष चंद्र लखेड़ा, द्वारका, नई दिल्ली**

## लघुकथा

## नजरिया



एक अजनबी मुसाफिर किसी गांव में पहुंचा। गांव में दाखिल होते ही उसे कुछ लोग मिल गए। एक बुजुर्ग को संबोधित करते हुए उसने पूछा,- इस गांव के लोग कैसे हैं क्या वे अच्छे और मददगार हैं? बुजुर्ग ने अजनबी के सवाल का सीधे जवाब नहीं दिया। उल्टे एक सवाल किया,- मेरे भाई तुम जहां से आए हो वहां के लोग कैसे हैं? क्या वे अच्छे और मददगार हैं? वह अजनबी अत्यंत रुष्ट और दुखी होकर बोला,- मैं क्या बताऊं मुझे तो बताते हुए भी दुख होता है कि मेरे गांव के लोग बहुत बुरे हैं। कुछ अच्छा सोचते और चाहते ही नहीं है इसलिए हमेशा दुखी रहते हैं, तभी मैं वह गांव छोड़कर आया हूं। लेकिन आप यह सब पूछ कर मेरा मन दुखी क्यों कर रहे हैं? बुजुर्ग बोला,- %मैं भी बहुत दुखी हूं इस गांव के लोग भी वैसे ही हैं तुम उन्हें उनसे भी ज्यादा परेशान और तकलीफ में पाओगे।

उस वक्त दूसरी तरफ से एक राहगीर ओर आ गया। उसने भी उस बुजुर्ग से यही सवाल किया कि इस गांव के लोग कैसे हैं? बुजुर्ग ने भी पूर्ववत उल्टा सवाल दाग दिया,- पहले तुम बताओ जहां से तुम आए हो वहां के लोग कैसे हैं? राहगीर यह सुनकर मुस्कुरा दिया उसके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उसने कहा कि मेरे गांव के लोग इतने अच्छे हैं कि उनकी स्मृति मात्र से सुख की अनुभूति होती है। उस गांव छोड़ने का मुझे बहुत दुख है लेकिन रोजगार की तलाश में यहां तक आना पड़ा है। इसीलिए पूछ रहा हूं कि इस गांव के लोग कैसे हैं? बुजुर्ग बोले,- %मित्र यह गांव भी वैसा ही है यहां के लोग भी उतने ही अच्छे हैं। वास्तव में इंसानों में भेद नहीं होता। अच्छे व्यक्ति की संगत और संपर्क में अच्छे लोग ही आते हैं। यदि व्यक्ति औरों के बारे में बुरी मनोवृति रखता है तो उसे अन्य लोगों में भी बुराइयां ही दिखाई देती है। जबकि थोड़ी-बहुत अच्छाई-बुराई हर इंसान में होती है और वह अधिकांशतः अच्छे के लिए अच्छे और बुरे के साथ बुरे।

**डॉ. मनीष दवे, महालक्ष्मी नगर, इंदौर**

## कहानी

# गर्बीली चपरासिन

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समारोह आयोजित था इसमें उन्हें आना ही था। उनका कार्यक्रम समाज कल्याण को समर्पित था। कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों की प्रदर्शनी लगी थी जिसमें विभागों ने अपने-अपने विभागों की चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को देने हेतु बैनर पोस्टर पर्चे आदि उपलब्ध करा रखे थे, साथ ही उन्हीं पंडालों में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया गया था?। एक बड़ा वाटरप्रूफ पंडाल जनता के लिए भी लगाया गया थ ठीक वैसा ही पंडाल मंच पर भी लगा था जहां से माननीय मुख्यमंत्री और गणमान्य जन प्रतिनिधि जनता को संबोधित करने वाले थे । सुचारू आयोजन व्यवस्था हेतु सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी गण की उपस्थिति अनिवार्य थी। बरसात रात से ही हो रही थी, पानी रुकने का नाम नहीं ले रहा था, इसी बीच सभी विभागों को अपनी अपनी तैयारियां न केवल पूरी करनी थी बल्कि आयोजन को सफल बनाने के लिए भीड़ भी जुटानी थी। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी पूर्ण तन्मयता के साथ आयोजन को सफल बनाने में समर्पित भाव से लगे हुए थे।, इतने में ही एक पंडाल में जिसमें कुछ कुर्सियां खाली भी थी, एक अधेड़ महिला ने अपने आप को वर्षा से भीगने से बचाते हुए प्रवेश किया वह किनारे से कुछ हटकर खड़ी हो गई । उस पंडाल के विभागीय अधिकारी ने विनम्रता पूर्वक उससे कहा कृपया आप कुर्सी ले लें! आप किस विभाग से हैं?? अरे देखो तो ! पानी तो रुकने का नाम ही नहीं ले रहा । इतना सुनते ही वह महिला फट पड़ी मानो उसकी सब्र का बांध टूट गया हो।

कहने लगी भैया !जब अपने ही अपने नहीं हुए तो दूसरों से क्या आज कहूँ? किसको दोष दूँ। उसके ऐसा कहने पर, उस अधिकारी ने जिसने उस महिला को कुर्सी ले बैठने को कहा था कुछ सोचते हुए कहा। क्या मैंने आपसे कुछ गलत कह दिया? महिला बोली नहीं भैया! खोट तो मेरी तकदीर का ही है जिससे यह स्थिति बनी और वह अपनी ही रौ में आ कहने लगी ..... मेरे पिता पुलिस में अधिकारी रहे उन्होंने मेरी शादी शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर कार्यरत सुयोग्य व व्यवहार कुशल लड़के को देखकर कर दी। सब कुछ ठीक चल रहा था मैं सुंदर तो थी पर पढ़ाई में ज्यादा ठीक नहीं थी, घर का सारा काम मुझे आता पर सरस्वती सिद्ध नहीं हो सकी थी मैं दसवीं कक्षा भी पास नहीं कर सकी थी? 18 वर्ष से होते ही मेरी शादी हो गई फिर तो घर गृहस्ती में ऐसी उलझी कि वक्त कब पंख लगा उड़ गया, पता ही नहीं चला। मेरे भाई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं पर मेरे पति की हृदयाघात से मृत्यु होने पर भी जब बेअपनी व्यस्तताओं का हवाला देकर नहीं आए तब उसी दिन मैंने अपने मायके को तिलांजलि दे दी। तब मेरा बड़ा बेटा 8 वर्ष का छोटा 5 वर्ष का था मुझे सरकार की कृपा से मेरी शिक्षा अनुरूप चपरासी के पद पर नियुक्ति मिली थी ।मैंने भी अपने बच्चों के भविष्य को बनाने की ठान ली थी। दिन में नौकरी करती शाम को सिलाई मशीन रख सिलाई कर कुछ और आय बढ़ा जीवन? निर्वाह करती। मेरी साधना तब रंग लाई जब बड़ा बेटा आईएएस परीक्षा में सफल हुआ और छोटा आर्मी में कमीशंड ऑफीसर बना। मेरी मनोकामना पूरी हुई थी सच में बहुत खुश थी अपनी साधना को सफल होता देख। दोनों बच्चों के विवाह कर मानो मैं गंगा नहा ली थी। बेटे अपनी अपनी बहुओं के साथ अपनी पदस्थापना की जगहों पर थे.. यह कहते-कहते महिला का स्वर बोझिल होने लगा ,पर थोड़ा रूक गहरी सांस ले वह पुनः अपनी रौ में बहने लगी थी और बोली। भैया! कल बड़े बेटे का यहां घर आना हुआ था वह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी होकर शासन में पदस्थ है फल स्वरुप सुबह से ही शहर के लोगों का उससे मिलने आने का तांता लगा हुआ था, और में अनुकंपा नियुक्ति की शिक्षा विभाग की चपरासिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगी अपनी ड्यूटी पर पहुंचने को चिंतित थी। पानी रूक नहीं रहा था आखिर मैंने अपने बेटे से कहा कि यह जो लाल पीली बत्तियों की गाड़ियां आ जा रही हैं, क्या मुझे उनमें से किसी एक से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर छुडवा दोगे?!

बेटे ने सुना, और तुनक कर बोला मां! देखो अब आपको यह चपरासीगीरी करने की कोई जरूरत नहीं है आपको मैंने पहले भी कहा है और तुम्हारी बहू भी कहती ही रही हैं, कि यह नौकरी तत्काल छोड़ दो ,और आप हमारे साथ आकर रहो। पर आप तो हमारी नाक कटवाने पर तुली हैं आखिर लोग कहें कैसे लड़के तो इतने बड़े अधिकारी हैं और देखो उनकी मां चपरासीगीरी कर अपना जीवन पाल रही है। पर भैया! मैंने भी उनसे कह दिया यह चपरासिन की ही साधना है जिसने तुम्हें अधिकारी बनाया है और तुम्हारा अधिकारी होने का दंभ ही चपरासिन को भी उसकी कर्तव्य से विरत करना चाहता है। तुम चाहते हो कि मैं अपनी नौकरी छोड़ बहुओं के मर्जी के अधीन रहूं तो मैं ऐसा हरगिज नहीं करूंगी। यह कह मै भारी वर्षा में भी ओटो रिक्शा कर यहां चली आई हूं। क्या मैं अपने पति की पुण्य साधना की अनुकंपा नियुक्ति को छोड़, उनकी घर में रची बसी यादों को भूल, अपने स्वयं की संतुष्टि को त्याग जा सकती हूं भैया! क्या मुझे जाना चाहिए? एक लंबी चुप्पी वातावरण में छा गई थी.... उसने कुछ देर चुप रह फिर कहा सूनो! मैंने मना कर दिया ,और अपने काम पर आ गई हूं,और अब अपनी विभाग के पंडाल पर जा रही हूं, बैठूंगी नहीं। यह कहकर वह अधेड़ महिला अचानक भीड़ में, कहाँ गुम हो गई? पंडाल में बैठे लोग देखते ही रह गये। किन्तु उसके प्रश्न वातावरण में जरूर तैर रहे थे, कि जब चपरासिन की साधना पुत्रों को अधिकारी बना सकती है तब उस अधिकारी की नाक चपरासिन का पुत्र होने से कैसे कट सकती है ?


**राज किशोर वाजपेयी**
**अभय**
**9425003616**

## आंसू

नीले आकाश में बादल घुड़ दौड़ कर रहे थे। हवा के झोंके के कारण बादल का रूप बदल रहा था। कभी दानव का रूप तो कभी पर्वत का स्वरूप वृद्ध मैं उनमें खो गया था। तभी कुछ बूंदे आकाश से गिरने लगी। विभिन्न शहरों में कार्यरत चार पुत्रों के माता पिता ने बड़ी मुश्किल से खाट को अंदर लाया और राम धुन में खो गए । धुन शेष होने के बाद मां ने पूछा वृद्ध हम अभागे हैं या भाग्यशाली हैं या अभागे ? अचानक ऐसा प्रश्न? पिता ने पूछा। क्या आपके मन में ऐसा प्रश्न नहीं आता ? मां ने भी प्रश्न किया । नहीं तो, शायद तुम्हारा इशारा पुत्रों की ओर है । अरे, हमारे चारों पुत्र अच्छी नौकरी पाकर बाहर हैं । वे प्रसन्न हैं । वेप्रसन्न हैं, प्रसन्न रहें । और क्या चाहिए हमें ? मेरी भी शुभ कामनाएं उनके साथ हैं.... पर नहीं, नहीं वृद्ध में भी कितनी स्वार्थी हूं माता पिता के आंसू वेगवाती नदी की धार बनकर गिरने लगे। दोनो ही अवाक थे। क्या उन्हे बुलाऊं ? क्या उन्हें देखने, बात चीत करने की इच्छा होती है? वृद्ध पिता ने पत्नी से पूछा। नहीं , नहीं उन्हे अपने काम में बाधा देने से माता पिता का धर्म नष्ट होगा ।मैं ऐसा नहीं चाहती । वे जहां भी रहें , सुखी संपन्न रहें दोनो ही आंखों में खुशी और गम के आंसू लिए कीर्तन में रत हो गए ।

**हीरा लाल मिश्रा**
**खड़गपुर, पश्चिम बंगाल**
**- 9933941962**

## दिल का रिश्ता : समझोता



शहर की भीड़ में राधिका और विशाल की मुलाकात एक कैफे में हुई। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। धीरे-धीरे उन्होंने अपने जीवन के सपनों और संघर्षों को साझा किया। राधिका की संगीत में रुचि थी, जबकि विशाल एक वैज्ञानिक बनना चाहता था। उनके विपरीत आकांक्षाएं थीं, लेकिन दोनों ने समझौता किया कि एक-दूसरे के सपनों का सम्मान करेंगे। उन्होंने तय किया कि वे एक-दूसरे को अपने क्षेत्रों में सपोर्ट करेंगे। प्यार के इस नए अध्याय में, उन्होंने समझौता किया कि मिलकर आगे बढ़ेंगे, जिससे न सिर्फ उनका रिश्ता मजबूत होगा, बल्कि वे अपने सपनों को भी पूरा कर सकेंगे।



समझौता करते-करते राधिका ने विशाल के साथ उसके विज्ञान प्रयोगों में मदद करना शुरू किया। उसे विज्ञान में उत्सुकता थी, और विशाल ने उसे समझाया कि कैसे छोटे-छोटे प्रयोग बड़े अविष्कारों की ओर ले जाते हैं। इसी तरह, विशाल ने राधिका के लिए संगीत में नई तकनीकों को समझने की कोशिश की। एक दिन, राधिका ने अपने कॉलेज का एक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। उसने विशाल को उसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विशाल ने पहले झिझक दिखाई, लेकिन राधिका के उत्साह को देखकर उसने हिम्मत जुटाई और कार्यक्रम में एक प्रस्तुति दी।

उनका यह समझौता न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में मददगार साबित हुआ, बल्कि उनके रिश्ते को भी मजबूत बनाता गया। वे दोनों समझ गए कि प्यार में एक-दूसरे की क्षमताओं और सपनों का आदर करना बेहद ज़रूरी है। इस तरह, उन्होंने अपने सपनों को जीने का एक नया तरीका खोज लिया।

**कार्तिक नितिन शर्मा**

# सदाबहार फसल - चुनाव



## व्यंग्य

वृक्ष दो प्रकार के होते हैं प्रथम जो पतझड़ वाले होते हैं अर्थात जिनकी पत्तियाँ शरदऋतु आने पर झड़ जाती है और बसंतऋतु में फिर नई पत्तियाँ आती हैं। दूसरे प्रकार के वृक्ष चिरहरित, बारहमासी, सदा हरे-भरे रहने वाले या सदाबहार वृक्ष होते है जिनकी पत्तियाँ झड़ती रहती है और साथ ही नई भी आती रहती है।

अपने देश में सदाबहार शब्द का उपयोग समान्यतः फिल्मी हीरो और फिल्मी गानों के लिए ही अधिक होता है। किन्तु अब देश के चुनाव को भी सदाबहार की श्रेणी में रखा जाना चाहिए क्योंकि वर्ष के बारहों महीने तीन सौ पैंसठ दिन हमारे यहाँ कोई ना कोई चुनाव चलता ही रहता है।

लोकसभा चुनाव के बाद राज्यों के विधान सभा चुनाव फिर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत एवं पंचायतों, जिला पंचायतों के चुनाव। कभी पंचायत समितियों के चुनाव, कभी सहकारी बैंकों के चुनाव। कहीं विद्यालयों में तो कहीं महाविद्यालय और विश्व विद्यालयों में चुनाव। कभी मजदूर यूनियन और मंडलों के चुनाव तो कभी सामाजिक संस्थाओं के चुनाव याने कि देश में चुनाव का मौसम कभी समाप्त ही नहीं होता है।

देश में कुछ राजनैतिक पार्टियां और कुछ राजनैतिक परिवार ऐसे भी हैं जो वटवृक्ष की तरह सदाबहार वृक्षों की श्रेणी में आते है। चुनाव का स्थान, मौसम कोई भी हो उनका झण्डा-डंडा हर जगह दिखाई देगा। चुनाव की घोषणा होते ही पतझड़ के ऋतुकाल में जैसे पेड़ों से पत्तियाँ झड़ती है वैसे ही कुछ राजनैतिक पार्टियों में भी पतझड़ का मौसम आ जाता है। राजनैतिक पार्टियों की कुछ प्रजातियाँ क्षेत्रीय वनस्पति की तरह होती है जो किसी क्षेत्र विशेष में ही पनपती है। जैसे इन वनस्पतियों को केवल उस क्षेत्र विशेष की जलवायु ही अनुकूल होती है वैसे ही ये पार्टियां भी होती हैं, अन्य क्षेत्रों में ये पनप नहीं पाती है या मुरझा जाती है।

चुनावों को आप आलू-प्याज की फसल की तरह भी देख सकते है, खासकर नेताओं के लिए या झंडे-डंडे वाले, लाउडस्पीकर वाले, पोस्टर वाले, विज्ञापन वाले, टीवी वाले, सभाओं में भीड़ दिखाने के लिए किराए पर जाने वाले मजदूर आदि के लिए जिन्हे इन चुनावों की फसलों से बारहों महीने का रोजगार मिल जाता है और सरकारें तो इन्हे भी रोजगार के आंकड़े देते समय जोड़कर ही बताती है। ये बात अलग है कि कभी-कभी प्याज भी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाकर सत्तापक्ष के आँसू निकलवा देता है। और आजकल तो आलू की चर्चा भी हर दल का नेता अपने-अपने हिसाब से कर रहा है।

जैसे एक किसान फसल लगाने से पहले खेत में हल-बक्खर चलाकर जोतता है व निंदई-गुढ़इ करके अपने खेत को फसल बोवनी के लिए तैयार करता है ठीक वैसे ही हमारे देश का चुनाव आयोग तथा नेतागण अपने अपने हिसाब से चुनाव करवाने की जमीन तैयार करते है। चुनाव आयोग पोलिंग बूथ निर्धारण, पुलिस और सुरक्षा बलों की व्यवस्था, ईवीएम मशीनों की व्यवस्था आदि करता है तथा इन व्यवस्थाओं के बाद ही चुनाव अधिसूचना जारी करता है अर्थात चुनाव की बोवनी हो जाती है। इसी प्रकार नेतागण भी अपनी जमीन तैयार करने के अंतर्गत पार्टी और बीज रूपी वादों का चयन एवं खाद के रूप में नारों आदि की तैयारी करते है।

वैसे लागत के मान से चुनावों की ये फसलें बहुत मंहगी हैं। देश के लिए वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार 6500 करोड़ रुपय तो केवल आम चुनाव पर खर्च हुए थे। यदि चुनाव की इन फसलों पर किए जाने वाले सरकारी खर्च और पक्ष-विपक्ष के उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्च को जोड़ लिया जाए तो बांग्लादेश, श्रीलंका या नेपाल और म्यांमार जैसे देश का कुल बजट खर्च भी उससे कम ही रहेगा। जितनी बड़ी राशि चुनावों पर खर्च की जाती है उसे यदि देश की शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान पर खर्च किया जाए तो देश के विकास की गति चीते को भी पीछे छोड़ दे।

चुनावों की सदाबहार-फसल के उत्पादन के रूप में हमारे देश को कुल 543 सांसद, 245 राज्यसभा सदस्य , 31 विधान-सभाओं के लिए 4153 विधायक तथा हजारों पार्षद, महापौर, पंच, सरपंच आदि लोकसभा, राज्यसभा सहित अलग-अलग सदन के लिए मिलते हैं। जैसे किसान को अपनी फसल से उम्मीद होती है वैसे ही जनता को भी इन चुने हुए लोगों से अपेक्षा रहती है कि विभिन्न सदनों में ये लोग हमारी और देश की समस्याओं पर विचार/मंथन करेंगे और उनका उचित समाधान भी। किन्तु फिर भी कभी कर्मचारी को तो कभी व्यापारी को, कभी कृषकों को तो कभी बेरोजगारों को अपनी-अपनी मांगों या व्यवस्था के लिए सड़क पर उतरना ही पड़ता है? फिर प्रश्न यह उठता है कि ये प्रतिनिधि रूपी प्रॉडक्ट क्या घर के गमलों में सजे सजावटी पौधों की तरह सिर्फ सरकारी खर्चों पर मुफ्त टेलीफोन, मुफ्त भोजन, मुफ्त सरकारी आवास, पेंशन एवं अन्य सुविधाएं भोगने के लिए ही चुनकर जाते है? जैसे एक समझदार कृषक अपने खेतों में फसल को खर-पतवार और कीटों से सुरक्षित रखता है ताकि फसल उत्पादन प्रभावित ना हो, वैसे ही मतदाता-रूपी किसान को भी सावधान रहना होगा और चुनावों की फसल में भ्रष्टाचारियों, बाहुबलियों या अवसरवादियों रूपी खर-पतवार और कीटों का समय





# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नशाखोरी को लेकर हुए सख्त, थाना प्रभारी को 3 दिन में लगाम लगाने की दी चेतावनी

## विधानसभा क्षेत्र 1 सदस्यता अभियान में अव्वल, 105 प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल

**इंदौर.राष्ट्रीय जनभावना।** मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। उनके अथक प्रयासों से यहां जनकल्याण के कार्य निरंतर जारी हैं। शनिवार, 21 सितंबर को माननीय मंत्री विजयवर्गीय जी ने वार्ड क्र. 11 में अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने 20 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही, 6 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की आधारशिला रखकर क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। स्थानीय लोगों ने कहा, मंत्री विजयवर्गीय जी का यह प्रयास विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में इंदौर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, जो सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

भागीरथपुरा के संबंध में उन्होंने बोलते हुए कहा की हम यहां पर इतना विकास करेंगे की सभी लोग करोड़पति हो जाएंगे, नशे को लेकर उन्होंने कहा कि मैं पुलिस वालों को 3 दिन की मोहलत दे रहा हूं नशा बेचने वाला और करने वाला कोई भी हो उसको बक्शा नही जाए उन पर कठोर कार्रवाई करे, नही तो फिर हम इस विषय पर सख्त एक्शन लेंगे। सड़क चौड़ीकरण के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में कुछ लोगों के मकान का हिस्सा टूटेगा लेकिन उनको चिंता करने की जरूरत नहीं है, मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि पुनर्स्थापना में उनको जिस मकान में रह रहे हैं उससे अच्छा मकान मिलेगा। सदस्यता अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व है कि इंदौर क्षेत्र क्रमांक एक सदस्यता अभियान में अव्वल रहा है हमें 78000 का टारगेट मिला था और हम 85 हजार बना चुके हैं हम 105 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर चुके हैं। भागीरथपुरा में मुझे लोगों ने अपनी समस्या बताई लेकिन इसके बावजूद



वे भाजपा के सदस्य बन रहे हैं क्योंकि उन्हें भाजपा पर भरोसा है कि वही उनकी समस्या का समाधान करेगी।

### घर घर किया जनसंपर्क

इस दौरान श्री विजयवर्गीय जी ने साई मंदिर, भागीरथपुरा क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई, जिससे नागरिकों में पार्टी के प्रति सकारात्मक भावना और जुड़ाव बढ़ा।

### विधानसभा 1 को मिली इन कार्यों की सौगात

भागीरथपुरा पुल से तेजाजी मंदिर-साई मंदिर-एम.आर-4 तक 13 करोड़ की लागत से 60 फीट चौड़ी सडक, लाईट, नर्मदा, ड्रेनेज निर्माण। सांई मंदिर से मैन रोड शिव मंदिर रफेली तक सड़क-नर्मदा लाईन ड्रेनेज लाईन निर्माण। सामुदायिक भवन शिव मंदिर रफेली नव निर्माण।सांई मंदिर से बावडी सड़क निर्माण। आर्य समाज से खटीक समाज धर्मशाला तक सड़क निर्माण। जनता चौराहा केदार जी योगी-विजयेश्वर महादेव मंदिर तक सड़क निर्माण। जैन मिठाई से लाहिया कंट्रोल सड़क निर्माण । मामा जी की धर्मशाला से कालु दादा के बाडे तक ड्रेनेज एवं नर्मदा पानी की लाईन डालना । डिम्पल जी शर्मा क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं नर्मदा लाईन। दीपेश विद्यालय के पीछे ड्रेनेज एवं सीमेण्ट कांक्रीट। महावीर विद्यालय, शुक्ला जी गली, रफेली शिव मंदिर, सामुदायिक भवन में पेवर ब्लाक लगाना। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कमल वाघेला, सदस्यता अभियान के सहप्रभारी गोविंद सिंह पवार,वार्ड अध्यक्ष देवेंद्र भवलकर,केदार योगी, सोनू यादव , महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता विशिष्ट आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासीगण उपस्थित थे।






## हुकमचंद मील प्रथम, राजकुमार मील एवं कल्याण मील द्वितीय घोषित होने पर सम्मान

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा निर्णायक मण्डल द्वारा श्री गणेश विसर्जन चल समारोह में शामिल चलित झांकियों में प्रथम पुरस्कार हुकमचंद मील की झांकी श्रीकृष्ण-इन्द्रदेव युद्ध के कलाकार स्वाती दीपक लवंगड़े एवं द्वितीय पुरस्कार झांकी मोटू-पतलू की जोड़ी के कलाकार राजकुमार मील के कलाकार प्रवीण हरगांवकर, विनय हरगांवकर व कल्याण मील की झांकी राष्ट्रीय एकता का संदेश के कलाकार अनवर अली से सम्मानित किया। उक्त जानकारी समाजसेवी मदन परमालिया ने देते हुए बताया कि, इस वर्ष के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत चल समारोह में झांकियों का निर्णायक मण्डल द्वारा घोषित की गई है, उन्हें मंच द्वारा झांकी के प्रथम निर्माता स्व. श्री मिश्रीलाल वर्मा के नाम से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री सज्जनसिंह वर्मा, अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और विधायक श्री सत्यनारायण पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री मनोहर धवन, विनोद सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी, नरेन्द्र सूर्यवंशी, मुन्ना वर्मा, अंकित दुबे, विजय राठौर, देवीलाल गुर्जर, गणेष वर्मा, धर्मेन्द्र खण्डेलवाल थे।

## पखवाड़े अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आयुष्मान पखवाड़ा के आयोजन संबंधी जारी दिशा-निर्देशानुसार जिले में 30 सितम्बर तक विभिन्न आयोजन होंगे। पखवाड़े अंतर्गत जिलेभर में आयुष्मान भारत योजना संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। आयुष्मान पखवाड़े के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये है। आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत 22 सितम्बर को जिले में ग्राम पंचायतों, विकासखंड एवं जिला स्तर पर बाइक रैलियों का आयोजन होगा। इस आयोजन के लिये संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को आवश्यक दायित्व सौंपे गये है। 23 सितम्बर को जिला स्तर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ अपने-अपने ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर समन्वय कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के लिये व्यापक जागरूकता गतिविधि सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही आयुष्मान चौपाल एवं आयुष्मान सभा का आयोजन कर योजना संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचायेंगे। इसी तरह 24 सितम्बर को जिले में संचालित समस्त स्कूलों एवं कॉलेज स्तर पर चित्रकला, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किये जाने संबंधी निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये है। उक्त आयोजन के तहत आयुष्मान भारत शपथ समारोह भी आयोजित करने के निर्देश दिये गये है। 25 सितम्बर को जिले में समस्त पंचायत स्तर पर आयुष्मान ग्राम सभाएं एवं आयुष्मान चौपालों का आयोजन करते हुए पात्र हितग्राहियों के नामों का वाचन किया जायेगा। इसी दिन जिला स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जायेगा। इन आयोजनों के लिये समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ को निर्देश दिये गये है। 26 सितम्बर को जिले में समस्त ब्लॉक स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान मेले का आयोजन होगा।











## स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की मास्टर क्लास में कहा देश की प्रमुख फ़ोटो एडिटर ने

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** फोटो जर्नलिस्ट के पास 'मिस' करने का कोई स्कोप नहीं होता। कोई पल आपसे छूट गया तो ख़बर तो फिर भी लिखी जा सकती है लेकिन फ़ोटो नहीं लाया जा सकता। मोबाइल के आने के बाद फोटोग्राफी में प्रतियोगिता बढ़ी है और फ़ोटो जर्नलिस्ट को सामान्य से हटकर सोचना होगा और कुछ ख़ास फ़ोटो क्लिक करना होगा। ये बातें प्रख्यात फ़ोटो जर्नलिस्ट एवं इंडियन एक्सप्रेस की फ़ोटो एडिटर श्रीमती रेणुका पुरी ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा फ़ोटो पत्रकारों एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए आयोजित मास्टर क्लास में विशेषज्ञ के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने बताया नेचर, विज्ञापन, फैशन आदि की फोटोग्राफी करने के बाद उन्हें सुकून नहीं मिला और संयोग से एकबार राजनैतिक घटना के एसाईनमेंट के बाद उन्होंने मेन स्ट्रीम फ़ोटो जर्नलिज्म की राह चुन ली। तिहाड़ जेल में महिलाओं की स्थिति, मेरी कॉम के मां के रूप में दैनंदिनी जीवन, राजनेताओं के जीवन के बेहद अलग पहलू दर्शाते चित्रों से ख्याति प्राप्त कर चुकीं सुश्री रेणुका ने जब अपने क्लिक किए कुछ नयनाभिराम चित्र मेगा स्क्रीन पर दर्शाए तो दर्शक तालियां बजाए बिना न रह सके। उन्होंने रोचक किस्से भी सुनाए कि किस तरह उन्होंने वीरेंद्र सहवाग की शादी में फोटोग्राफी की अनुमति न होने पर उन्होंने शादी का गेस्ट बनकर सगाई और शादी के फोटो क्लिक किए थे। वहीं मायावती द्वारा दुर्व्यवहार की घटना भी सुनाकर पत्रकारों को संदेश दिया कि संघर्ष के लिए तैयार रहें। भावी फोटो पत्रकारों को उन्होंने कहा कि कवरेज के लिए समय से पहले पहुंचकर कुछ एक्स्ट्रा शूट प्राप्त करने की कोशिश करें। अपनी फोटोग्राफी का विषय अपनी अभिरुचि के हिसाब से चुनें। आजकल डिजिटल फोटोग्राफी से भले ही असीमित फोटो क्लिक करने की सुविधा मिल गई है लेकिन अपनी फ्रेम सोच कर क्लिक करें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से डरने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि उसे कमांड तो हमें ही देनी है। फिर भी एआई से बने फोटो अब मीडिया में उपयोग किए जाने लगे हैं। मास्टर क्लास के पहले चरण में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल, श्रीमती रचना जौहरी, अखिल हार्डिया, पुष्कर सोनी, संजय मालवीय, बंसी लालवानी ने श्रीमती रेणुका पुरी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के महासचिव श्री आलोक बाजपेयी ने किया। अंत में विमेंस प्रेस क्लब, मप्र की अध्यक्ष सुश्री शीतल रॉय ने आभार प्रदर्शन किया।





# क्षेत्र मे खुलेआम बिक रही अवैध शराब, किसके इशारे पर हो रही सपलाई?

## शासकीय कार्यालयों सहित स्कूलो के सामने बिक रही शराब.......

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** इन दिनों प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्ति अभियान मुहीम स्थानीय स्तर पर शो बाजी दिखाई दे रही है। पुलिस के द्वारा नागरिकों को नशा न करने के लिए जागरूक तो किया जा रहा है। परन्तु क्षेत्र मे शराब माफियाओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



बतादे की आबकारी ठेकेदार और अवैध शराब विक्रेताओं की मिलीभगत से अवैध रूप से शराब बिक्री जोरो पर कराई जा रही है। जिसमे पुलिस की भी मौन स्वीकृति रहती है। नगर के लगभग सभी वार्डो, गली मोहल्लो मे अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है। जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त मे फंसती जा रही है। ज़ब से आबकारी विभाग द्वारा एक नई तरीके से ठेके आवंटिक किए गए है उस समय इन ठेकेदारों को आबकारी नियम व क़ानून के तहत शराब का ठेका आवटिक किया गया था। लेकिन वर्तमान मे आबकारी ठेकेदार द्वारा उन सभी नियमों व शर्तो की धज्जिया उड़ाते हुए नगर मे जगह जगह कमीशनखोरी पर अवैध रूप से शराब बिकवाने पर उतारू हो गए है। इसके अलावा कुछ अवैध शराब विकेता घरो मे भी एक फोन कॉल पर ही शराब की डिलीवरी कर रहे है। नगर मे कई अंग्रेजी और देसी शराब के ठेके खुले हुए है। लेकिन वर्तमान मे अगर देखा जाए तो शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाकर आबकारी ठेकेदार द्वारा हर वार्ड मे अवैध रूप से शराब बिक्री कमीशन पर जोरो से कराई जा रही है। जिससे यह ज्ञात होता है की पुलिस प्रशासन भी इस अवैध कारोबार मे लिप्त है।

शासकीय कार्यालयो व स्कूलों के सामने खुले आम बिक रही शराब नगर मे शासकीय कार्यालयों, स्कूलों सहित धार्मिक मंदिरो के सामने खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। जानने के बाद भी आबकारी विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा। इससे शराब माफियाओ का हौसला बढ़ता जा रहा। नगर और आसपास का इलाका अवैध शराब बेचने वालो का गढ़ बनता जा रहा है। इतना ही नहीं शासकीय कार्यालयो के सामने बेची जा रही शराब को खरीदने शासकीय अधिकारी व कर्मचारी पहुंच रहे है।

### युवा और बच्चे भी हो रहे शिकार

इस पूरे मामले में बेहद गंभीर विषय यह है कि जगह-जगह बिकने वाली शराब पर किसी तरह की कार्यवाही नही होने के कारण युवाओं के साथ-साथ बच्चे भी नशे के आदी होते जा रहे हैं। इसके चलते कई स्वजन भी परेशान होने लगे हैं। नशे में तेज गति से वाहन चलाने पर क्षेत्र में आए दिन कई मौतें होती हैं, जिनमे अधिकतर युवा और नाबालिक बच्चें शामिल हैं। सब कुछ जानने के बावजूद भी इस मामले को लेकर जिम्मेदारों की चुप्पी भी उन्हें संदिग्धता के कठघरे में लाकर खड़ा कर रही है कि आखिर क्या वजह है इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर के मध्य और आस पास सुनसान इलाके तथा संकरे रास्ते रात के अंधेरे में मदिरा प्रेमियों के खास अड्डा बनते जा रहा है। मदिरा प्रेमियों को सुनसान क्षेत्र में खुलेआम बैठकर शराब पीते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### ग्रामीण इलाकों में भी शराब ने जमाई पैठ

बता दें कि ग्रामीण इलाकों में शराब ने इस कदर अपनी पैठ जमा ली है कि इसकी चपेट में युवा, और नाबालिग बच्चे भी आ रहे है। वहीं गांव में चल रहे अवैध शराब की बिक्री की वजह से इन्हें आसानी से शराब उपलब्ध हो जाता है। ऐसे में पुलिस और आबकारी विभाग को इन पर शख्त कार्रवाई करने की आवश्कता है।

### इनका कहना

क्षेत्र मे अवैध कार्य करने वालो को बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा चेकिंग कर उचित कार्यवाही की जाएगी। तहसील रोड़ पर भी अवैध शराब बेचने की शिकायत मिली है उसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**– केसर राजपूत, थाना प्रभारी सुसनेर।**





# डाक बंगले पर 16 दिसम्बर 2023 के हादसो को दोहराने को तैयार: लापरवाही

## पुराने ढर्रे पर आ गई नेशनल हाइवें पर स्थित डाक बंगले की यातायात व्यवस्था, हादसें के इंतजार में हमारी लापरवाही

### शहरवासी भूल गए 16 दिसम्बर 2023 का हादसा, जिम्मैदार भी ध्यान देने को तैयार नहीं, ट्रेफिक पुलिस का भी अभाव

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शायद हम सभी नगरवासी और जिम्मैदार प्रशासन के अधिकारी ये भूल चुके है की 16 दिसम्बर 2023 की रात्रि में शहर से गुजर रहे उज्जैन-झालावाड राष्ट्रीय राजमार्ग 552 जी पर स्थित डाक बंगला तिराहे पर भीषण सड़क हादसा हुआ था।

ट्रक और ट्राले की भिंडत में लापरवाही की हद इस कदर पार हो गई थी की इस हादसे में 3 वाहनो के साथ ही 2 युवक जिंदा जल गए थे। कंटेनर का डीजल टेंक फूट जाने के कारण कई घंटो तक उसमें से आसमान की और निकलने वाली आग की लपटो से पूरा शहर सहम सा गया था। इससे सबक लेकर जिला प्रशासन उस समय अर्लट हो गया था। लेकिन साढे 9 माह गुजर जाने के बाद एक बार फिर से हम इसी तरह से के हादसे को दोहराने को तैयार है। आज भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इस तिराहे पर लापरवाही हावी हो रही है। जो हादसों को न्योता देने को तैयार है। इस लापरवाही को हमने तस्वीरो में कैद भी किया है। जो बता रही है की हमारे शहर के नागरिक अपनी जान को लेकर लापरवाह बने हुएं है।

### जिस लापरवाही के कारण हुआ था हादसा, वही सड़क किनारे खडे वाहन

राष्ट्रीय राजमार्ग पर 552 जी पर टोटल सुपर मार्केट के सामने जहां भीषण सड़क हादसा हुआ था। उसमें लापरवाही यह थी की टैक्टर सड़क पर ही खडा हुआ था और उसनें एक दम से ट्रक चालक ने स्टार्ट करके उसे आगे बढाना शुरू कर दिया था। इस दोरान सामने से आ रहे ट्राले का चालक संभल नहीं पाया और दोनो आपस में टकरा गए थे। उसी लापरवाही के साथ वाहन चालक हादसो को एक बार फिर से दोहरने के लिए तैयार है। इस लापरवाही को हमने तस्वीरो में कैद किया। यहां पर नेशनल हाइवे के वाहनो का दबाव होने के बावजूद दोनो छोर पर दोपहर के समय वाहन खडे हुएं दिखाई है। इसके एक तक तरफ ट्रक तो दूसरी तरफ टैक्टर खडा हुआ नजर आया। जिसके कारण मार्ग संकरा हो गया और इस हाइवें पर से गुजरने वाले वाहन चालको को काफी परेशानियो के बीच यहां से गुजरना पडा।

हादसे से सबक लेकर पुलिस ने रखे थे ड्रम्स, अस्त, व्यस्त पडे है

इस हादसे से सबक लेकर के तत्कालीन थाना प्रभारी अनिल कुमार मालवीय के द्वारा आगे से ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो इसके लिए डाक बंगला तिराहे पर जिग जेक पेटर्न पर ड्रम्प रखवाए थे। यह फार्मुला काम आया और इससे तेज गति से गुजरने वाले वाहन चालको की गति कम होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओ का ग्राफ भी कम हुआ। लेकिन टीआई के स्थानांतरण के बाद यह व्यवस्था फिर से पुराने ढर्रे पर आ गई। हालात यह है की पिछले कई महिनो ये ड्रम्स वाहनो की टक्कर से अस्त व्यस्त हो गए है। तो कुछ वाहनो की चपेट में आकर के लावारिह हालत में पडे है। यदि इन्है फिर से जिग जेक पेर्टन पर ही रख दिया जाए तो हादसो पर लगाम लग सकती है।

### शहर के अंदर जाने वाले मार्ग को बेरीकेड्स लगाकर बांटा था दो भागो में

उस समय थाना प्रभारी ने न डाक बंगला तिराहे से शहर के अंदर जाने वाले मार्ग पर से प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद बेरीकेड्स लगाकर के शहर के अंदर जाने तथा आने के लिए मार्ग को दो भांगो में बांट दिया था। लेकिन अब यहा रखे बेरीकेड्स गायब हो चुके है मात्र एक ही बेरीकेड्स बचा है। जिसको भी लोग अपने हिसाब से इधर-उधर खिसकाकर के वाहन निकालते रहते है। यहां पर फिर से बेरीकेड्स लगाकर दो रास्ते बनाए जाने की जरूरत है।

## महिला बाल विकास विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे पोषण माह अभियान के अंतर्ग शनिवार को सुसनेर विकासखंड के सोयतकला में स्थानीय संसाधनों से खिलौने एवं आंगनबाड़ी की सजा सज्जा हेतु सामग्री तैयार करने संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे सेक्टर पर्यवेक्षक रीनू पंत द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को साज सजा की सामग्री बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया एवं पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान खिलाने व स्थानीय खाद्य सामग्री से तैयार किए गए व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शनिवार को तहसील रोड़ पर स्थित बीईओ कार्यालय सुसनेर में विकासखंड स्तरिय शिक्षा विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी की मोजूदगी में समस्त हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य गण एवं संकुल प्राचार्य तथा सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य मोजूद रहे। बैठक में एडीपीसी दिनेश कुंभकार एडीपीसी ने यू डाइस, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा निःशुल्क साइकिल वितरण तथा एनएएस परीक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जुनी कचहरी के सीएम राईज स्कूल में दिलाई स्वच्छता की शपथ

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शनिवार को सुसनेर नगर के वार्ड क्रमांक 4 में जुनी कचहरी क्षेत्र में मप्र जनअभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के सोशल वर्कर छात्रो द्वारा स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत सफाई कार्य किया गया। उसके पश्चात जुनीकचहरी क्षेत्र में संचालित सीएम राईज विद्यालय के बच्चों व शिक्षको को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड सुसनेर के परामर्शदाता विष्णु राठौर, संस्था के प्रधान अध्यापक शिवलाल दांगी एवं विद्यार्थी के रूप में पूजा पाटीदार, आशा कुंभकार, सायाली देशमुख, दीपाली उपाध्याय, निधि पांडे, मनोज लोहार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पांच पुलिया की दुकान को नीलामी निरस्त करने नप को दिया आवेदन

**सुसनेर।** नगर परिषद के द्वारा पांच पुलिया पर दो दुकानो का निर्माण कर उन्है नीलाम किया गया था। इस में दुकान नम्बर 2 को पूर्व में 28 लाख रूपये में नीलाम कर दिया गया था। किन्तु परिषद के द्वार बैठक में प्रस्ताव पारित कर इसकी दर कम होने का कारण बताते हुएं इस नीलामी को निरस्त कर दिया गया था। उसके बाद परिषद के द्वारा पुनः टेंडर जारी करते हुएं इसकी नीलामी की ऑन लाइन प्रक्रिया आयोजित की गई जिसमें 24 लाख रूपये की अधिकतम बोली लगाई गई। ऐसे में पूर्व की अपेक्षा दूसरी बार नीलामी में परिषद को 4 लाख रूपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस वजह से प्रथम नीलाम में दुकान लेने वाले नागरिक अशोक कुमार कारपेंटर ने इसको निरस्त किये जाने की मांग की है। इस सम्बंध में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिध राहुल सिसोदिया व सीएमओ ओपी नागर के अनुसार इस मामले को वरीष्ठ अधिकारीयो के मागदर्शन के लिए प्रेषित किया गया है।

## राठौर समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 29 सितंबर को होगा




इंदौर। प्रदेश की मेरिट में आओ एक लाख का पुरस्कार पाओ अभियान के तहत राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान 29 सितंबर 2024 को हिमांश पेलेस गार्डन चाणक्य पुरी में होगा।

जानकारी देते हुए सामाजिक उत्प्रेरक आर एन राठौर, मीडिया प्रभारी गोविंद राठौर (राठौर क्रांति)ने बताया कि उभरता राठौर समाज मिशन द्वारा समाज के बच्चो को प्रोत्साहित करने के लिए सन 2017 से कक्षा 10 वी और 12 वी में प्रदेश की मेरिट में आने वाले समाज के बच्चो को एक एक लाख, जिले में आने वालो को पांच पांच हजार तथा 90त्न से अधिक अंक लाने वालों को एक एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार तथा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है, इस वर्ष भी भव्य आयोजन कर एक सो से अधिक होनहार बच्चो को समाजजन के स्वप्रेरित सहयोग से सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन हेतु श्री सकल पंच राठौर समाज इंदौर अध्यक्ष, राठौर तीर्थ न्यास कार्यकारी अध्यक्ष मनोज राठौर (तेली),राठौर क्षत्रिय समाज सीहोर के अध्यक्ष रामचंद्र राठौर बाबा , पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, श्री सकल पंच राठौर समाज संरक्षक मिशन प्रवक्ता हरीश राठौर (लड्डू भैया),जितेंद्र राठौर युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर समाज , हिमांश पेलेस के संचालक राहुल राठौर, श्री सकल पंच राठौर समाज इंदौर महामंत्री विजय राठौर, युवा अध्यक्ष अजय राठौर प्रेम राजौरिया , दिलीप राठौर खरगोन, मुकेश राठौर भोपाल, विजय राठौर कसरावद , राजेश सोलंकी आदि प्रतिभा सम्मान समारोह की अंतिम तैयारियां कर आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## पत्रकारों की बीमा राशि कम करने के लिए माना मुख्यमंत्री का आभार



इंदौर । मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के सतत प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पत्रकारों की बीमा राशि कम की और आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पत्रकारो के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

इस संदर्भ में इंदौर जिला इकाई ने कलेक्टर आशीष सिंह को आभार पत्र सौंपा कर मुख्यमंत्री के निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि यह अच्छी बात है कि बीमा की प्रीमियम राशि कम होने से प्रदेश भर के अधिकांश पत्रकार बीमा करा सकेंगे। इस अवसर पर इंदौर संभागीय अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, इंदौर जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, महासचिव राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण जोशी, सचिव अनिल चौधरी, संजय जोशी, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश देशमुख, इंदौर संभाग के सचिव कमलेश श्रीवास्तव, सदस्य अशोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## राजेश सिंह परिहार अध्यक्ष और मनीष पांडेय सचिव बने





बाबजी नगर रहवासी संघ के आम चुनाव संपन्न हुए जिसमे राजेश सिंह परिहार को अध्यक्ष और मनीष पांडेय को सचिव पद भारी बहुमतो से विजय प्राप्त हुई । अन्य पदाधिकार्यो का भी चयन मतों की गिनती के अनुसार हुआ । उपाध्यक्ष -श्री संजय पटेल, कोषाध्यक्ष -श्री असीम जैन, सहसचिव -श्री गोपाल अग्रवाल जो विजय प्राप्त हुई । यह सुचना प्रवक्ता श्री आशीष कश्मीर द्वारा प्रदान की गई ।

## नेट नाईट क्रिकेट मैच का समापन



इन्दौर। भंवर कुआ के पास नेट नाईट क्रिकेट मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एक तू ही जयगुरूदेव महाराज साहेब एक तू ही गुरुद्वार के अध्यक्ष श्री बाल योगी मौनी ब्रह्मचारी श्री यशवर्धन महाराज साहेब, वा सचिन शर्मा आयोजक थे।

राजेंद्र गोयल कार्यक्रम में प्रदेश के सभी कलाकारों को इक्ठा कर क्रिकेट टीम बनाकर तीन दिवसीय समापन समारोह में पुरस्कार वितरण एक तू ही जयगुरूदेव महाराज के हाथों जीतने वाले खिलाडियों को दिया गया एक एनजीओ जो पशुओं के संरक्षण के लिए कार्य करती है उन को भी नगद राशि दी गई।

एक तू ही जयगुरूदेव ने कहा खेल स्वाथ्य के लिए जरूरी है आज के नवयुवक और युवतियां नशे के घेरे में है उन से छुटकारे के लिए खेलों होना जरूरी है ।

# हमारे पूर्वजों ने चरैवेति के मूलमंत्र को आत्मसात कर संगठन खड़ा किया – आलोक शर्मा

## भाजपा जिला इंदौर की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न






**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** आज भाजपा कार्यालय पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा, मंत्री तुलसीराम सिलावट, संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी, जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, विधायक उषा ठाकुर, जिला प्रभारी रायसिंह सेंधव, सदस्यता अभियान जिला प्रभारी सुनील तिवारी, कैलाश चौहान की उपस्थिति में भाजपा जिला इंदौर की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि इंदौर जिले के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से सदस्यता अभियान में इंदौर जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर है, इसके लिए मैं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रवाद की विचारधारा के लिए काम करने वाली भाजपा के कार्यकर्ता है, हम सिद्धांतों, रीति नीति से परिचित है, लेकिन पार्टी में नई पीढ़ी भी जुड़ गयी है, सदस्यता अभियान हमारे संगठन की प्रक्रिया है, नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति ओर सिद्धांतों से परिचित करवाने के साथ साथ भाजपा से ही क्यों जुड़े यह समझाना आवश्यक है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है, जो राष्ट्रवाद की बात करता है, हम पंडित दीनदयाल जी के मूलमंत्र एकात्म मानववाद के विचार को लेकर कार्य करने वाले दल के कार्यकर्ता है। हम नर सेवा को ही नारायण सेवा मानकर गरीबों, शोषितों और पीड़ितों की सेवा करने वाले दल के कार्यकर्ता है। आज जो संगठन का स्वरूप है, उसमें श्रद्धेय कुशाभाऊ जी ठाकरे, प्यारेलाल जी खंडेलवाल, राजमाता सिंधिया, राजेंद्र धारकर जी, नारायणप्रसाद गुप्ता जी, सुंदरलाल जी पटवा, कैलाश जी जोशी, कैलाश जी शारंग जैसे मनीषवियों की तपस्या के फलस्वरूप है। उन्होने मध्यप्रदेश में संगठन को खड़ा करने के लिए चरैवेति चरैवेति के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए पैदल, बैलगाड़ी, साइकिल, बसों और ट्रेनों पर यात्रा करते हुए संगठन को खड़ा किया है। किसी ने घर में जगह दे दी तो ठीक वरना मंदिर या चबूतरे पर बैठक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने



कहा कि ये परिवारवाद वाला संगठन नहीं है, कि नेहरू जी गये तो इंदिरा जी आ गयी, इंदिरा जी गयी तो राजीव जी आ गये, राजीव गांधी के बाद सोनिया गांधी और फिर राहुल गांधी आ गये। यह पार्टी कई संघर्षों और बलिदानों के साथ खड़ी हुई है। ये कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हम राष्ट्रवाद के विचार को कार्य करने वाले कार्यकर्ता है, इसलिए हमे पार्टी विद डिफरेंस कहा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। भाजपा सरकारों के नेतृत्व में प्रदेशों में जनकल्याण के कार्य हो रहे है। जनता भी भाजपा में विश्वास व्यक्त कर रही है, इसलिए लगातार हमें आशीर्वाद दे रही है, सदस्यता अभियान के माध्यम से हमें हर वर्ग, हर मोहल्ला, हर गली घर घर जाकर परिवारों से सम्पर्क करके उन्हें अपने भाजपा परिवार में जोड़ने का काम करते हुए सशक्त भाजपा विकसित भारत के नारे को चरितार्थ करना है। संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वो काम तुम किए चलो, यह हमारे संगठन का मूल भाव है, यही गीत हम दोहराते भी है। कार्यकर्ता होने के नाते संगठन का विस्तार करें। संगठन का काम करना साधना है, तपस्या है, उसी पवित्रता के साथ आप संगठन कार्य करोगे तो संगठन तो आगे बढ़ेगा ही, आप भी संगठन के साथ आगे बढ़ोगे। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा संगठन पर्व में भी इंदौर नगर और जिला दोनों के कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये लक्ष्य को पुरा करने के लिए अच्छा कार्य कर रहे है। कार्यकर्ता के बल पर विधानसभा चुनाव में हमने इंदौर में एमपी 09 करके इतिहास रचा, लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश से कॉग्रेस का सूपड़ा साफ किया। उसी तरह संगठन पर्व में भी रिकॉर्ड बनाएंगे। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि संगठन कार्य के लिए इंदौर के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा पूरे देश में होती है।

संगठन पर्व में भी कार्यकर्ता के परिश्रम से हम केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये लक्ष्य को पुरा करेंगे। जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने कहा कि संगठन पर्व को इंदौर जिले के कार्यकर्ता उत्सव के रूप में मना रहे है, कार्यकर्ता स्कूल, कॉलेज, कोचिंग क्लास, चौपाल, खेत खलियानों पर जाकर सदस्यता अभियान के माध्यम से हर वर्ग, हर समाज को जोड़ने का काम कर रहे है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, जिला उपाध्यक्ष रामविलास पटेल, घनश्याम नारोलिया, भारत सिंह चिमली, मुकेश चौहान, जिला मंत्री सुभाष पाटीदार, सुनैना बियाणी, अश्विन पटेल, अनुराधा जोशी, राजेंद्र सिसोदिया, माखन गोखले, वरुण पाल, मुकेश जरिया, जनपद अध्यक्ष गुमान सिंह पंवार, विश्वजीत कान्हा, रामकन्या मानसिंह चौहान, सरदार मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वेजिटेबल एंड फ्रूट डे मनाया गया



स्ढ्ढष्ट प्री-प्राइमरी स्कूल, निपानिया में स्वस्थ आहार के महत्व को बढ़ावा देने के लिए 'वेजिटेबल एंड फ्रूट डे' मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय सब्जी विक्रेता ने स्कूल में स्टॉल लगाकर बच्चों को ताजे फल और सब्जियों की पहचान और गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने यह भी सीखा कि कैसे ताजे फल और सब्जियों को खरीदना सेहत के लिए लाभदायक होता है। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक फल चाट और सब्जी सलाद बनाने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इस प्रक्रिया के दौरान उन्होंने विभिन्न रंगों, स्वादों और बनावटों के साथ खेलते हुए स्वस्थ भोजन की आदतों के बारे में सीखा। सहायक प्रधानाध्यापिका, श्रीमती सोनल खन्ना ने बच्चों को ताजे फल और सब्जियों को धोकर खाने के महत्व के बारे में बताया और उनके स्वास्थ्य लाभों पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को यह नैतिक शिक्षा दी कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए हमें प्रतिदिन ताजे फल और सब्जियों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए।

## लता स्वरांजलि 29 सित. को माई मंगेशकर में होगी

इंदौर। लता मंगेशकर के जन्मदिन पर संगीत सरगम संस्था द्वारा माई मंगेशकर सभागृह में 29 सितम्बर रविवार को फ्लता स्वरांजलिफ्र का आयोजन होगा।जिसमे आलाप संस्था की सहभागिता रहेगी।



संस्था के अध्यक्ष डॉ विवेक गावड़े ने बताया कि लता मंगेशकर के गीतों को इंदौर की स्वर लताये डॉ श्रद्धा जगताप और सुश्री रसिका गावड़े,डॉ शिल्पा मसूरकर के साथ सनाया दहाले,जानवी त्रिवेदी,जया मिश्रा, ज्योति शर्मा, नेहा ठाकुर स्वर देंगी। युगल गीतों में मोइन खान,रमेश गुरु,नरेन्द्र उपाध्याय साथ देंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ शिल्पा मसूरकर और रसिका गावड़े लताजी के शास्त्रीय गीतों से करेंगी। संगीत संयोजन हर्षद शेवगांवकर का रहेगा।तबले पर अमोल कारखानीस,गिटार पर योगेश्वर कान्हेरे,ऑक्टोपेड पर विमलेश पाड़गिल, ढोलक पर अरशद खान रहेंगे।

कार्यक्रम का आकर्षण लताजी के दुर्लभ चलचित्रों की प्रदर्शनी जो कि संगीतमर्मज्ञ श्रीनिवास पुजारी द्वारा लगाई जाएगी। संगीत सरगम मराठी समाज द्वारा माई मंगेशकर सभागृह के लिए सतत कार्य कर रहे कर्मठ सेवाकारी चंद्रकांत पराड़कर का सम्मान करेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मराठीभाषियों की मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी सांस्कृतिक संस्था सानन्द के मानद सचिव जयंत भिसे एवम अतिथि आलाप संस्था के विजय पारिख,सिल्वर पार्क ग्रुप के परमजीत सिंह नारंग,जितेन्द्र भँडिया, नरेन्द्र फणसे समाजसेवी रहेंगे।

सूत्र संचालन लताजी की स्वरयात्रा और अवतरण कथा डॉ अभय माणके करेंगे साथ मे डॉ विवेक गावड़े म्यूजिक थेरेपिस्ट भी रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेशपत्र अनिवार्य है, जो निःशुल्क रहेंगे। जिसके लिए डॉ विवेक गावड़े 9826290399 पर सम्पर्क कर सकते है।

## हाईकोर्ट में कल से अर्जेंट सुनवाई की मेंशन व्यवस्था पुनः शुरू

इन्दौर। एक्टिंग चीफ जस्टिस के निर्देश पर 23 सितम्बर से हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई की मेंशन व्यवस्था पुनः शुरू की जा रही है। इस संबंध में बार एसोसिएशन द्वारा मांग की गई थी उसी के मद्देनजर 14 अगस्त 2024 को जारी आदेश को हाइकोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा वापस ले लिया गया है।

अब 23 सितंबर से सुबह साढ़े दस से साढ़े ग्यारह के बीच अर्जेंट सुनवाई की मेंशन के आवेदन ड्रॉप बॉक्स में डाले जा सकेंगे।

## संस्कृत में लिखी पुस्तक उत्तरायण का लोकार्पण किया

इंदौर। संस्कृति साहित्य मंच के तत्वाधान में पदमा राठी की संस्कृत में लिखी पुस्तक उत्तरायण का लोकार्पण इंडियन कॉफी हाउस में हुआ संस्था की अध्यक्ष डॉ सुधा चौहान ने स्वागत भाषण में कहा जहां हमारे बच्चे हिंदी पढ़ना लिखना भूलते जा रहे हैं वहां पदमा जी ने संस्कृत भाषा में मानवी मूल्यों से सराबोर कहानियों का लेखन करके एक अति विशिष्ट काम किया है।



सभी कहानियां हमारे आसपास के धरातल को लेकर जीवन उत्थान के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरे राम बाजपेई जी नेकहा-पुस्तक का शीर्षक उत्तरायण हमें याद दिलाता है की 14 जनवरी को शुरू उत्तरायण में होता है तो उसे पर्व को हम हर्षोल्लाह से मनाते हैं इसी तरह यह उत्तरायण शब्द सुख शांति समृद्धि और जीवन में बदलाव लाने का प्रतीक है। संस्कृत, हमारी मूल भाषा है आज हम अपनी भाषा से दूर होते जा रहे हैं । हमें एक बार पुन है अपने ही परिवार से अपने ही बच्चो को अपनी भाषा का ज्ञान देना होगा। योगेंद्र नाथ शुक्ला ने कहा- विष्णु शर्मा के ÷पंचतंत्र÷ का अनुवाद छठवीं शताब्दी में ईरान के बादशाह खुसरो नोशेर खां ने कराया था। इसी ग्रंथ ने विश्व कथा की जमीन तैयार की। पदमा राठी ने कहा यह पुस्तक मेरे जीवन के अनुभवों का निचोड़ है। मैं चाहती हूं कि इस पुस्तक को बच्चे पढ़ें और संस्कारवान बने के साथ-साथ अपने प्रश्नों का समाधान भी पाए।

हास्य कवि श्याम सुंदर पालोद जी ने कहा पदमा जी के अंदर बहुत क्षमता है वह हिंदी संस्कृत गुजराती मराठी भाषा में अपना सृजन करके अपनी श्रेष्ठ को दर्शाती हैं उन्होंने अपना रास्ता स्वयं चुनाव है कभी दूसरे के रास्ते पर नहीं चली है ऐसी पद मराठी के ऊपर हम सभी को बहुत गर्व है प्रसिद्ध समाज सेवी रेनू भूतड़ा जी ने कहा पदमा जी एक-एक कदम बढ़ते हुए आज इस मुकाम पर पहुंची है उन्होंने अपना नाम सूरन अक्षरों में स्वयं लिखा है हम उनके निरंतर सतत प्रयास की कामना करते हैं कार्यक्रम मैं सरस्वती वंदना प्रभात तिवारी ने की और संचालन डॉक्टर अर्चना श्रीवास्तव और अचला गुप्ता जी ने किया।

## अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु वित्तीय सहायता

इंदौर। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट तथा लौह-मैंगनीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर एक हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक छात्रवृति दी जायेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।



## अंहकार नही आना चाहिए अहंकार पतन का कारण होता है

रतलाम।श्री त्रिनेंत्र महाकाल मन्दिर दिन दयाल नगर पर श्री मद् भागवत कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य कथा वाचक प. श्री अशोक जी उपाध्याय के मुखागरविद् से कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा मे शुक्रवार को भागवान के विराट रुप के दर्शन षष्ठी वर्णन बरा अवतार,द्वार पालो का अदोपतन ओर हिरणायक्ष का वध की कथा का वर्णन का वाचन कीया गया। कथा में हरि कीर्तन करया जा रहा है भजनो की प्रतुती श्री शान्ती योगी जी द्वारा दी जा रही है कथा के माध्यम से प्रत्येक प्राणी को मनुष्य जन्म सफल बनाने के लिए भक्ति मार्ग का अनुसरण करना चाहिए द्व जीवन में गुरु होना चाहिए अंहकार नही आना चाहिए अहंकार पतन का कारण होता है।जिस प्रकार शिव परिवार में सभी के वाहन एक दूसरे के विरोधी होते हुए भी एक हो कर रहते इसी प्रकार मनुष्य को भी एकता बना कर धर्म की रक्षा करना चाहिए धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म आपकी रक्षा करेगा।

## जुआ खेलते हुए 5 आरोपी गिरफ्तार-पुलिस ने की 10 हजार 330 रुपए की राशि जब्त

रतलाम। आलोट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार शाम को जुआ खेलने वाले पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 10 हजार 330 की नकद राशि भी बरामद की है। आलोट नागेश्वर रोड के पास पालनगरा गांव के पास सुनसान जगह पर यह जुआ संचालित हो रहा था। तभी पुलिस ने वहां पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ जुआरियों ने वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने सभी 5 आरोपी को पकड़ लिया। सभी आरोपों पर आलोट पुलिस ने जुआ एक एक्ट के तहत कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपी के नाम फारुक पिता कालू शाह निवासी नागेश्वर रोड आलोट, वाहिद पिता गुलशन खान, राशिद पिता मोहम्मद निवासी खुदवादी मोहल्ला आलोट, शाहिद पिता अजीम शाह निवासी नागेश्वर रोड आलोट, शंकर सिंह लाल सिंह सोंधिया राजपूत निवासी पालनगरा है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक कुलदीप डाबी, सहायक उप निरीक्षक मोहन भाटी, आरक्षक थॉमस, रौनक, शुभम पोरवाल की भूमिका सराहनीय रही।

## भोपाल की बैठक में रतलाम के सी.एम.राईज स्कूल की उपलब्धि पर करतलध्वनि से स्वागत

रतलाम। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने बैठक में सी.एम.राईज स्कूल रतलाम को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में तृतीय स्थान मिलने संबंधी बड़ी उपलब्धि का जिक्र किया और अपेक्षा की कि भोपाल में भी इसी तरह की उपलब्धि प्राप्त होना चाहिए, ताकि विश्व स्तर पर जिले की पहचान बनें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि सब मिल-बैठकर कोई एक काम चिन्हित कर उसे कार्यरुप में परिणित करें। उन्होने कहा कि रतलाम के स्कूल में जो नवाचार हुये है, वे बहुत ही सरल और आसान है। वहां पर स्कूल में पालकों की और विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया गया है। यह काम भोपाल के स्कूलों में भी किया जा सकता है। रतलाम की इस उपलब्धि का बैठक में करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

### 35 फीट ऊंची बिल्डिंग से गिरा युवक, मौत, रतलाम में पीएम आवास मल्टी की घटना; गैलरी से फिसलने की आशंका



रतलाम। डोसीगांव स्थित पीएम आवास मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिस ऊंचाई से नीचे गिरा है उसकी हाइट 35 फीट है। घटना के समय घर में केवल उसकी पत्नी थी। महू-नीमच रोड से लगी प्रधानमंत्री आवास मल्टी (बिल्डिंग) ए ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर मकान नंबर टी-3 में रहने वाले दिलीप सोलंकी (38) पिता लक्ष्मीनारायण सोलंकी पत्नी अन्नू सोलंकी के साथ घर पर थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह गैलरी में गए, और अचानक नीचे गिर गए। पत्नी के शोर मचाने पर बिल्डिंग के लोग जागे। तुरंत नीचे पहुंचे। घायल अवस्था में रात 12.30 बजे तक मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस मामले की जांच कर रही है। पड़ोसी बोले- शोर सुन कर नीचे गए-पड़ोसी सोहन परमार और पवन ने बताया कि रात को हम सब अपने घर में थे। रात 12 बजे दिलीप सोलंकी के चिल्लाने की आवाज आई। जाकर देखा तो दिलीप फर्श पर पड़े नजर आए। हम सब तुरंत नीचे पहुंचे, और मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय घर में पत्नी अन्नू और दिलीप ही थे। पड़ोसियों ने आशंका जताई है कि गुटखा खाकर थूकने के दौरान पैर फिसलने से गिरे होंगे। स्पष्ट जानकारी उनकी पत्नी ही बता सकती है। पड़ोसियों ने बताया दिलीप का अच्छा व्यवहार था। ढाई फीट की गैलरी-जिस गैलरी से दिलीप की गिरने से मौत हुई है। उस गैलरी की दीवार ढाई फीट है। सुरक्षा को लेकर कोई जाली नहीं थी। केवल मच्छर जाली लगा रखी थी। पड़ोसियों की माने तो जब बिल्डिंग में फ्लैट खरीदे तो हमने हमारे मकानों पर स्वयं लोहे की जाली लगा कर पैक किया। मृतक के तीन बच्चे-दिलीप के माता-पिता और 3 बच्चे हैं। बच्चे रतलाम के स्टेशन रोड मनोहर गली में दादा लक्ष्मीनारायण सोलंकी के साथ रहते हैं। बड़े बेटे का नाम सूरज सोलंकी (22) है।

## नेत्रदान के बारे बड़ी जागरुकता, दो ओर नेत्रदान हुए



रतलाम। नेत्रम संस्था की सक्रियता से दो नेत्रदान सम्पन्न हुए। नेत्रम संस्था के ने बताया कि किसी भी परिवार में निधन की सूचना मिलते ही संस्था के सदस्य सक्रिय हो जाते है एवं परिजनों को नेत्रदान (कार्निया) दान करने की प्रेरणा देते रहते है। पहला नेत्रदान कस्तूरबा नगर निवासी अशोक कुमार जैन का स्वर्गवास होने पर किया गया। दूसरा नेत्रदान अलकापुरी निवासी जतन बाई मालवी का स्वर्गवास होने पर किया गया।

# जान हथेली पर रखकर सफर

सैलाना,मनोज भंडारी। सैलाना आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां के आदिवासी किसानो की आजीविका मजदूरी पर निर्भर है वह जब भी खेती की फसल कटने का समय आता है मजदूरी करने के लिए गांव से बाहर जाते हैं। हालाँकि एक परिवार को प्रतिदिन अगर 8 व्यक्ति है तो करीब 4000 रु मिल [जाते हैं ओर इसी के कारण वो क्षेत्र का अपना कार्य छोड़कर 15 से 25 दिनों के लिए बाहर मजदूरी करने जाते है ।



पहले तो लोग जाते थे तो 15 दिनों में ही आते थे लेकिन अब प्रतिदिन गाडियो से जाते हैं जो बुलाने वाले द्वारा दी जाती है या सभी मिलकर गाड़ी किराये की करके से जाते हैं,तरक्की हुई बहुत अच्छी बात है पर अब हालत यह है कि अपनी जिंदगी की परवाह किए बगैर एक तूफान गाड़ी पर 50 से 60 लोग बैठ जाते है ओर कभी भी हादसा होने का डर बना रहता है हालांकि छुटपुट घटनाएं होती है पर पता ही नही चलता है इसके लिए आए दिन प्रशासन के संज्ञान में लाया जाता है आवेदन दिए जाते है सोशल मीडिया के माध्यम से चेताया जाता है मजदूरों की तो मजबूरी हो सकती है पर प्रशासन की क्या मजबूरी समझ से परे है उनके नाक के नीचे से गाड़ीयां जाती हैं ओर वापस आती है पर वो लाचार बने देखते रहते है अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,पुलिस प्रशासन सब ला लाचार हैं और लोग प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर बैठ खोप जा रहें हैं।

## लोडिग वाहन पलटा, 1 की मौत 11 घायल

रतलाम।बाजना।जिले के बाजना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गड़ी गमना से सोयाबीन काटने जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप पलटी खा जाने से भाणजी पिता वालजी रावत उम्र 40 वर्ष निवासी छोटा डेकडिया थाना आम्बापूरा (राजस्थान) कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा 11 घायल हो गए हैं। दो गंभीर घायलों को रतलाम रेफर किया गया मिली जानकारी के अनुसार लोडिंग पीकप वाहन स्क्र14 त्नक्र0578 में मजदूर भरकर जा रही थी। तभी गाड़ी डाबर के घाट पर अचानक गाड़ी ने रफ्तार पकड़ ली और पलटी खा गई घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया सभी घायलों को बाजना स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया तथा गंभीर घायलों को रतलाम रेफर किया गया घटना की सूचना मिलती है बाजना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## ट्रेन से उतरते समय मां को बचाने के दौरान 20 वर्षीय पुत्र व मां की मौत

रतलाम। जिले के आलोट रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन से उतरते समय मां और पुत्र बड़े हादसे का शिकार हो गए। ट्रेन से उतरते समय मां असंतुलित होकर गिरी और उन्हें बचाने के लिए बेटा जैसे ही प्लेटफॉर्म से नीचे उतरकर मां को हटाया, तभी ट्रेन चलने लगी। दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में मौके पर ही पुत्र की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल मां ने रास्ते में दम तोड दिया। जानकारी के अनुसार रतलाम के बरबड़ क्षेत्र निवासी सुगंध कुंवर (60) पति शंकर सिंह सिसोदिया अपने 20 वर्षीय बेटे लाखन सिंह पिता शंकर सिंह के साथ रतलाम से लोकल ट्रेन से आलोट के विक्रमगढ़ में स्थित रिश्तेदार के घर श्राद्ध के लिए जा रहे थे। शनिवार सुबह ट्रेन विक्रमगढ़ (आलोट) रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। दोनों ट्रेन से उतरने लगे तभी असंतुलित होकर ट्रेन की चपेट में आ गए थे। प्लेटफॉर्म पर खड़े अन्य यात्रियों ने दोनों को ट्रेक से उठाकर प्लेटफार्म पर लेकर आए। यहां से लाखन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जबकि गंभीर घायल सुगंध कुंवर को आलोट में उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया था। आलोट से रतलाम आते समय गंभीर घायल मां ने भी दम तोड दिया।

**मां को बचाने की बेटे ने की थी कोशिश**-शनिवार को बरबड़ (रतलाम) निवासी लखन मां सुगंध कुंवर के साथ शनिवार सुबह रतलाम से मथुरा लोकल पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने विक्रमगढ़ (आलोट) जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे मथुरा लोकल पैसेंजर ट्रेन में भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें ट्रेन से नीचे उतरने में देरी हो गई। इस दौरान जल्दबाजी में उतरने के दौरान सुगंध बाई ट्रेन के अंदर ट्रैक में चली गई। इस दौरान बेटे लखन ने उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया। वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही सुगंध कुंवर को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के लिए पहले आलोट सिविल अस्पताल लाया ग जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर जिसने रास्ते में ही दम तोड दिया।

फूहड़ गीत नही बजेंगे, पाश्चात्य परिधान नही चलेंगे

## नवरात्रि में कस्तूरबा नगर गरबा समिति करेगी नवाचार

**रतलाम। अक्टूबर प्रथम सप्ताह मे आरंभ होने वाले नवरात्रि गरबा महोत्सव में कस्तुरबा नगर गरबा समिति नवाचार करेगी। समिति ने गरबा उत्सव में फूहड़ गीत नहीं बजाने और सतानत संस्कृति अनुसार परिधानों के उपयोग को बढावा देने का निर्णय लिया है। गरबे के दौरान पाश्चात्य संस्कृति के परिधान प्रतिबंधित रहेगे।**



नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर आयोजित कस्तूरबा नगर गरबा समिति की बैठक मे यह निर्णय लिया गया। बैठक मे समिति संयोजक नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई और गरबा उत्सव के दौरान अपने पंडाल के साथ-साथ शहर के अन्य पंडालों मे भी शहरवासियों से सनातन संस्कृतियों को मजबूत करने का आह्वान किया। समिति संयोजक मनीषा शर्मा ने बताया कि गरबा उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागियों के परिधानो पर नजर रखी जायेगी। सनातन संस्कृति के अनुसार परधान नहीं पहनने वालों का प्रवेश वर्जित रहेगा। गरबा समिति द्वारा बालिकाओं को दंड भी वितरित किए जायेगे। उन्होंने बताया कि गरबा उत्सव को लेकर धर्म के प्रति जो दुष्प्रचार होता है, उसे रोकने की जिम्मेदारी सभी की है। कस्तूरबा नगर गरबा समिति इस दिशा में जो पहल कर रही है, उसका शहर के सभी गरबा पांडालों मे अनुसरण किया जाना चाहिए। गरबा उत्सव के दौरान पाश्चात्य संस्कृति का कही भी प्रदर्शन ना हो और अश्लीलता नहीं दिखे, ऐसा प्रयास सभी करे। बैठक मे गरबा समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, मनोज शर्मा, महेश शर्मा, अजय डामोर, कपिल पंवार,सुशील सोनी, अभिषेक भट,अनिल पाठक, सुरेन्द्र सिंह, अजय प्रजापत, रूपेश प्रजापत, मनोज नादेचा, तनिष्क शर्मा, कीर्ति पंवार, रुद्राक्ष सिंह,ओम सिंधे, कृष्णा वर्मा, संतोष सौदे, शुभम सोमानी, राजेश चंद्रावत, योगेश चंद्रावत, दिलीप अग्रवाल, पियूष गौड़, मीनाक्षी चंद्रावत, सोनू चंद्रावत, संगीता चौहान, गायत्री चौहान, मीनाक्षी चंद्रावत, सोनू चंद्रावत, संगीता चौहान, गायत्री चौहान, वसुधा बडज़ातिया, उर्वशी शर्मा, श्रिया अग्रवाल, इशिका सिंधले, टीना गौड़, शैला सुरेका, आशिता सूरेका, रेखा तिवारी, भावना दीदी, ज्योति चौहान आदि उपस्थित थे।



## नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियों को 4 प्रकार के कचरे के पृथक्कीकरण को समझाया

रतलाम। 17 से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार 20 अक्टूबर शनिवार को देहली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को 4 प्रकार के कचरे के पृथक्कीकरण करने व गीले कचरे से घर में ही खाद बनाने की विधि से अवगत कराया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों का अमृत सागर झोन में सम्मान किया गया।

**स्वच्छता अभियान के तहत आज विभिन्न गतिविधियों को आयोजन**-17 से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत आज 22 सितम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे त्रिवेणी मेला ग्राउण्ड में एक पेड़ माँ के नाम, वार्डवार सफाई मित्रों का सम्मान व शासकीय योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाये जाने हेतु स्वच्छता अभियान के तहत 19 सितम्बर बुधवार को आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अधिकाधिक की संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रमों को सफल बनावें।



## आलोट में चलती ट्रेन से गिरी मां, बचाने के लिए कूदे बेटे की हुई मौत

रतलाम। दिल्ली रेल मार्ग पर रतलाम जिले के आलोट में स्थित रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरते समय एक महिला नीचे गिर गई। उसे बचाने के लिए उसका बेटा ट्रेन से कूदा तो वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में बेटे की मौत हो गई। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार इन दोनों ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। रतलाम के बरबड़ क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय सुगन कुंवर पत्नी शंकर सिंह शनिवार सुबह अपने पुत्र 30 वर्षीय पुत्र लाखन सिंह को साथ लेकर श्राद्ध कार्यक्रम के लिए रतलाम-कोटा मेमू ट्रेन से आलोट गए थे।

**ट्रेन से स्टेशन पर उतर नहीं पाए**-आलोट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सुबह 9.24 बजे पहुंची तथा रुक गई थी। भीड़ अधिक होने से सूजन कुंवर व लाखन सिंह ट्रेन से स्टेशन पर उतर नहीं पाए तथा ट्रेन चल दी। इसी बीच सुगन कुंवर उतरने लगी तो संतुलन बिगडने से सुगन कुंवर ट्रेन से नीचे गिर गई।

**बेटा मां को बचाने के लिए नीचे कूदा**-मां को बचाने के लिए उनका बेटा लाखन सिंह ट्रेन से नीचे कूदा तो वह ट्रेन के नीचे जा गिरा तथा ट्रेन के पहिये की चपेट में आ गया। इससे लाखन सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई तथा पुलिस को सूचना दी गई।

**घायल महिला को अस्पताल भेजा**-सूचना मिलने पर आलोट पुलिस व जीआरपी (रेलवे पुलिस) मोके पर पहुंची तथा मृतक लाखन सिंह का शव व उसकी घायल मां सुगन कुंवर को आलोट के सरकारी अस्पताल भिजवाया। घटना स्थल शामगढ़ रेलवे पुलिस का होने से जांच शामगढ़ रेलवे पुलिस को सोंपी गई है।

## नवरात्रि पर्व को लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक कालिका मंदिर परिसर स्थित सत्संग हॉल में संपन्न हुई

रतलाम। नवरात्रि पर्व को लेकर श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट व मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक कालिका मंदिर परिसर स्थित सत्संग हॉल में संपन्न हुई तथा विभिन्न निर्णय लिए गए। ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल भट्ट, सचिव हरीश कुमार बिंदल, प्रवक्ता राकेश पोरवाल ने बताया कि नवरात्रि का पावन पर्व श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा परंपरागत उत्साह के साथ मनाया जाएगा तथा इस दौरान माँ कालिका माता मंदिर परिसर में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।



3 अक्टूबर गुरुवार की को ब्रह्म मुहूर्त में पंडित शैलेंद्र जोशी द्वारा घट स्थापना की जावेगी, 11 अक्टूबर शुक्रवार की सुबह महाअष्टमी का हवन तथा 12 अक्टूबर शनिवार को विजयदशमी का पर्व मनाया जावेगा। 3 अक्टूबर गुरुवार की सुबह 4 बजे से माँ कलिका माता मंदिर परिसर में गरबे के माध्यम से महिलाऐ माता रानी की आराधना करेगी। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मां कालिका माता दरबार का आकर्षक श्रंगार किया जाएगा, मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा जिससे मंदिर परिसर खुशबू से महकेगा। नवरात्री में मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 6 बजे तक तथा शाम को 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक महिलाएं गरबा रास करेगी। ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह 11 बजे खीर व केले की प्रसाद तथा शाम 7 बजे निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा। ट्रस्ट ने यह भी निर्णय लिया कि मंदिर परिसर में कोई भी निजी फोटोग्राफर तथा वीडियोग्राफर गरबा खेलने वाली बालिकाओं के वीडियो अथवा फोटो नहीं ले पाएंगे। जीन माता व बहनों को गरबा खेलना है वो झूलेलाल मंदिर परिसर में ता 22 सितम्बर रविवार से शाम 6 से 9 बजे तक आकर अपना परिचय पत्र बनवा लें परिचय पत्र के लिए पासपोर्ट साइज का फोटो तथा आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। बैठक में विभिन्न समितियां का भी गठन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट संरक्षक देव प्रकाश शर्मा, संजय व्यास, परामर्शदाता दीपक पुरोहित, अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल भट्ट, सचिव हरीश कुमार बिंदल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण कसेरा, संगठन सचिव पूरणमल अग्रवाल, ट्रस्टी राधावल्लभ पुरोहित, राजेंद्र शर्मा, पूरन चोईथानी, दिनेश वाघेला कार्यकर्ता प्रेमलता कसारा, वीणा गोयल, मनोरमा चौहान, चंद्रप्रभा शर्मा, पुष्पा व्यास, अजय चौहान, विश्वजीत टंडन, नरेंद्र महेश्वरी, चिराग देवड़ा, बृजेश सक्सेना, आयुष चौहान सहित विभिन्न नागरिक मौजूद थे। संचालन व आभार सचिव हरीश कुमार बिंदल ने किया।

## जिले में विकास कार्यों को तेज़ी से पूरा करने पर दें जोर, समय-सीमा का सख्ती से हो पालन - श्री काश्यप

**रतलाम/भोपाल। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में जिले की परिचयात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में राजस्व महा-अभियान, स्मार्ट सिटी, जल जीवन मिशन, पौधारोपण, सीएम राइज स्कूल, अमृत 2.0, निर्माण कार्य, मौसमी बीमारियों के नियंत्रण और सड़कों की मरम्मत सहित अन्य समसामायिक विषयों पर गहन चर्चा की गई।**




इस दौरान सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवार गुर्जर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, विष्णु खत्री, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायण के साथ श्री सुमित पचौरी, श्री किशन सूर्यवंशी, श्री केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि जिले में चल रहे कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए एवं कार्यों की गति को और अधिक तेज़ किया जाए। उन्होंने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है और यहाँ विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जलापूर्ति योजनाओं की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की और इन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पेयजल योजनाओं में निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने स्मार्ट सिटी सीईओ के बैठक से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी सीईओ को नोटिस जारी किया जाए। इसके साथ ही मंत्री ने स्मार्ट सिटी एडवाइजरी बोर्ड की एक अलग विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। सीएम राइज स्कूलों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जिले के सभी सीएम राइज स्कूलों में खेल मैदानों का विस्तार किया जाए। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर से कहा कि वे शिक्षा मंत्री को अतिरिक्त राशि आवंटन के लिए पत्र लिखें।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के तहत संजीवनी क्लीनिकों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी बैठक में दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराकर उनके माध्यम से क्लीनिकों का उद्घाटन कराया जाए। बैठक में जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



## खंडवा की शासकीय पॉलीटेक्निक के पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों के लिए एक अनूठी पहल की है,

खंडवा। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों के लिए एक अनूठी पहल की है। दरअसल आज कल छात्र बड़े तनाव में रहते हैं और तनाव दूर करने के लिए संगीत एक बड़ा माध्यम है ,इसी को लेकर कॉलेज के 1985 बैच के पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों को तनाव से दूर रखने के लिए कॉलेज परिसर में निःशुल्क संगीत की क्लास संचालित की है। जिसे सुरताल 85 का नाम दिया गया है। आज इसी सुरताल 85 संगीत कक्षा का उद्घाटन हुआ। पूर्व छात्रों की इस पहल की वर्तमान छात्रों ने और कॉलेज प्रबंध ने खूब प्रशंसा की । इस संगीत कक्ष में कॉलेज के छात्र सहित शिक्षक और उनके परिजन संगीत की शिक्षा के साथ ही गायन का आयोजन भी कर सकते है जिससे काम या अन्य कारणों से उतपन्न होने वाले तनाव को दूर करने में सहायता मिलेगी। खंडवा की महात्मा ज्योतिराव फुले शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में संगीत कक्ष सुरताल 85 का उद्घाटन कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। जिसमें खंडवा संगीत कॉलेज के प्राचार्य डॉ जैन सहित अन्य अतिथि शामिल हुए और सुरताल कक्ष 85 का उद्घाटन किया। इस संगीत क्लास का संचालन खंडवा की शासकीय ज्योतिराव फुले पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के 1985 बैच के पूर्व छात्र करेंगे। 1985 बैच के पूर्व छात्र विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि हम कॉलेज के पूर्व छात्र संस्था के लिए कुछ अलग और अच्छा करना चाहते थे। आज का छात्र जीवन बहुत तनावपूर्ण हो गया है और तनाव दूर करने के लिए संगीत एक बड़ा माध्यम है इसी को लेकर हम लोगों ने कॉलेज प्रबंधन की मदद से यह निःशुल्क संगीत क्लास सुरताल 85 के नाम से शुरू की है। वाद्य यंत्र दिए जाने के साथ ही इस संगीत क्लास का पूरा संचालन हम 1985 बैच के पूर्व छात्र ही करेंगे। गायन और वादन की शिक्षा दिए जाने के लिए शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। यहां शनिवार और रविवार को संगीत की क्लास लगाई जाएगी। संगीत के शिक्षा लेने के लिए बड़ी संख्या में अभी से छात्रों ने और कॉलेज स्टाफ ने प्रवेश ले लिया है। वही कॉलेज के प्राचार्य विवेक वास्केल्बने पूर्व छात्रों की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहां कि इंजीनियरिंग क्षेत्र की पढ़ाई करने वाले और पढ़ाने वाले टेक्नोलॉजी, इनोवेशन ,रिसर्च में लगे रहते है। जिसके चलते कई बार तनाव में भी चले जाते है। और तनाव दूर करने का संगीत एक बड़ा माध्यम है। पूर्व छात्रों ने आज जो पहल की है ये न तो किसी कॉलेज में हुई न होगी। खंडवा महात्मा ज्योतिराव फुले शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के वर्तमान छात्रों ने संगीत की क्लास शुरू होने पर खुशी जाहिर की। छात्रों ने 1985 बैच के पूर्व छात्रों के द्वारा संगीत की क्लास शुरू किए जाने को लेकर कहा कि हमारे लिए यह बड़े गौरव की बात की जो इस कॉलेज के पूर्व छात्रों ने हमारे लिए संगीत की क्लास संचालित की है।

## लायन्स क्लब खंडवा ने पीड़ित मानव सेवा के लिए किया लायन मधुबाला शेलार का सम्मान



खण्डवा।लायन्स क्लब खण्डवा व समाजसेवियों द्वारा पीड़ित मानव सेवा के लिए लायन्स क्लब खण्डवा की पूर्व कोषाध्यक्ष मधुबाला शेलार को सम्मानित किया।नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सिहाड़ा निवासी शकुन बाई पाल उम्र 48 वर्ष को 4 माह पूर्व जांच कराने पर केंसर की जानकारी मिली ।परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने व परिवार में अनुभवी व्यक्ति के नहीं होने से परिवार के लोग घबरा गए।जब यह जानकारी लायन मधुबाला शेलार को लगी तो उन्होंने उसको भोपाल साथ ले जाकर निजी अस्पताल में ईलाज कराया ।इलाज हेतु 8 बार भोपाल गई।रक्त की जरूरत पड़ने पर शेलार परिवार द्वारा रक्त भी दिया।शुक्रवार महिला का ऑपरेशन करवाकर वापस आने पर लायन्स क्लब खण्डवा के सदस्यों ने सिहाड़ा में जाकर शकुन बाई की कुशल क्षेम पूछे व फल प्रदान किये। शनिवार को महिला के कुछ टांके में सूजन होने से उन्हें जिला चिकित्सालय में जांच हेतु लाये।लायन्स भोजन सेवा केंद्र में लायन साथियों ने मधुबाला शेलार का इस नेक कार्य हेतु सम्मान किया। इस अवसर अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष वसीम कुरैशी ,गुरमीतसिंह उबेजा,सुनील जैन,नारायण बाहेती, गांधी प्रसाद गदले, राजीव शर्मा,सुरेन्द्रसिंह सोलंकी,मुकेश मैथिल,सुशीला गदले,बी आर तिरोले,सनत श्रीमाली,राजीव मालवीय ने उपस्थित रहकर इस सराहनीय सेवा कार्य की सराहना की।इस अवसर पर मधुबाला शेलार ने कहाकि लायन्स क्लब खण्डवा पीड़ित मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा हैं।क्लब की प्रेरणा से सेवा कार्यों को गति मिलती हैं।

## श्रीमद्भागवत की तृतीय दिवस की कथा सम्पन्न*



खण्डवा।गुरु कृपा बिना भवसागर पार नहीं किया जा सकता है।गुरु का वंदन नहीं गुरु का वचन मनुष्य को तारता है।प्रभु का सदैव स्मरण करो।आपने जो कुछ भी पाया है वह भगवान की कृपा से पाया है।जैसे तीन प्रकार के देव ब्रम्हा,विष्णु और महेश को पूजा जाता है, उसी प्रकार तीन देवियों को भी मुख्यरूप से पूजा जाता है।महाकाली,महालक्ष्मी व महासरस्वती ।महाकाली की पूजा नवरात्रि में होती ही ,20 दिन बाद दीपावली पर महालक्ष्मी जी की भी पूजा सभी करते है परंतु महा सरस्वती की पूजा बहुत कम लोग करते है।महा सरस्वती की पूजा नही करने से जो पाया है उसका महत्व भी कम हो जाता है।बसंत पंचमी को सभी को माँ शारदे की पूजा करनी ही चाहिए। उपरोक्त उदगार श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा द्वारा 19 सितंबर से 25 सितंबर तक पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस व्यासपीठ पर विराजित पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिया बटुक जी महाराज श्री बटेश्वर धाम विदिशा ने व्यक्त करते हुए कहे। समिति के मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा के संरक्षक हरिप्रसाद बंसल ने पूजन किया।

# ओंकारेश्वर में एकात्मता मूर्ति की स्थापना की पहली वर्षगांठ, रूद्राभिषेक, हवन, गुरूपूजन और वेदपाठ के साथ मनाया उत्सव

### ओंकारेश्वर में शंकरावतरण की पहली वर्षगांठ पर वैदिक अनुष्ठान का आयोजन, संतजनों की उपस्थिति में शंकर विरचित भाष्य ग्रंथों का अखंड पारायण हुआ, *ओंकारेश्वर में आद्यशंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का एक वर्ष पूर्ण, रूद्राभिषेक, हवन, गुरूपूजन, वेदपाठ और स्तोत्रगायन के साथ शंकर न्यास ने वर्षगांठ मनाई, *संत-महंतो की उपस्थिति में वैदिक अनुष्ठान के साथ मनी शंकरावतरण की पहली वर्षगांठ, आर्ट ऑफ लिविंग के बटुकों ने शंकर विरचित स्तोत्रों का गायन किया



ओंकारेश्वर में शंकरावतरण की पहली वर्षगांठ पर वैदिक अनुष्ठान का आयोजन, संतजनों की उपस्थिति में शंकर विरचित भाष्य ग्रंथों का अखंड पारायण हुआ

**इंदौर।** संपूर्ण भारत को सांस्कृतिक रूप से एकात्मता की डोर में बांधते हुए वेदों के अद्वैत सिद्धांत को प्रकाशित करने वाले जगदुरू आद्यशंकराचार्य जी की वेदांतिक शिक्षाओं और सनातन के लिए उनके योगदान को जनव्यापी बनाने के लिए मध्यप्रदेश के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम का निर्माण कराया जा रहा है। यह एकात्म धाम ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के किनारे स्थित मांधाता पर्वत पर विकसित किया जा रहा है। जिसमें आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना %एकात्मता की मूर्ति% के रूप में की गई है। आज शनिवार को एकात्मता मूर्ति की स्थापना %शंकरावतरण% की पहली वर्षगांठ को आचार्य शंकर न्यास द्वारा ओंकारेश्वर में वैदिक यज्ञ-अनुष्ठान के साथ मनाया गया। वर्षगांठ के अवसर पर सर्वप्रथम ओंकारेश्वर मंदिर के प्रमुख पुरोहित पंडित डंकेश्वर महाराज द्वारा आद्यशंकराचार्य जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन, रूद्राभिषेक व हवन कराया गया। तत्पश्चात आर्ट ऑफ लिविंग के बटुकों द्वारा गुरुपूजन, वेदपाठ, आचार्य शंकर विरचित स्तोत्रों का गायन कराया गया। जिसके उपरांत उपस्थित संत-महंतों द्वारा भाष्यकार भगवन आद्यशंकराचार्य जी की आरती की गई। इस उपलक्ष्य में ओंकारेश्वर के स्वामी नर्मदानंद जी, उत्तरकाशी के स्वामी हरिबृह्मेन्दरानंद तीर्थ जी, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती जी, ओंकारेश्वर मंदिर के प्रमुख पुरोहित पण्डित डंकेश्वर महाराज जी सहित आर्ट ऑफ लिविंग के बटुक व शंकर प्रेमीजन उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य हो कि आद्यशंकराचार्य जब केरल से देश भ्रमण पर निकले तब वह 8 वर्ष की आयु में मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर आए थे। जहां उनका मिलन अपने गुरु गोविंदपाद जी के साथ हुआ था। आचार्य की गुरुभूमि की इन्हीं स्मृतियों को अविस्मरणीय बनाने के साथ ही शंकर विचार के लोकव्यापीकरण के लिए ओंकारेश्वर में बन रहे एकात्म धाम में आद्यशंकराचार्य जी की 108 फीट की %एकात्मता की मूर्ति% की स्थापना की गई है।

**वेदपाठ के स्वरों से गुंजायमान हुआ ओंकारेश्वर का गगनमंडल-** एकात्म धाम में शंकरावतरण की वर्षगांठ पर हुए वेदपाठ के आध्यात्मिक स्वरों से ओंकारेश्वर का गगनमंडल आलौकिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजन में आचार्य शंकर प्रणीत भाष्य ग्रंथो का अखंड पारायण - ब्रह्मसूत्र, एकादश उपनिषद, एवं श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के बटुकों द्वारा सामवेद की कौथमी शाखा व यजुर्वेद की मध्यान्दिनी शाखा का पाठ किया गया। साथ ही बटुकों द्वारा शंकर विरचित - गणेश पंचरत्नम, नर्मदाष्टकम, लिंगाष्टकम, तोटकाष्टकम, गुरु अष्टकम आदि स्तोत्रों का पाठ भी किया गया। बटुकों के स्वर से प्रणीत शंकर स्त्रोतों की रसधार में एकात्म धाम में उपस्थित हर अद्वैतप्रेमी मंत्रमुग्ध हो गया।

# नाबालिग बालिका को बरामद कर अपहरण एवं बलात्कार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**खंडवा।** खंडवा / पुलिस अधीक्षक खण्डवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा नाबालिग बालिकाओ की बरामदगी करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है,इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खण्डवा राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खण्डवा महेन्द्र तारनेकर एवं एसडीओपी मूंदी रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदशन में थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में थाना मूंदी के अपराध क्रमांक 315/24 धारा 137(2),87,64(2)रूक्ऋह.रु. 5रु6 क्रष्ह्यश ,ष्ह्र में अपहृता नाबालिग बालिका को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

फरियादी द्वारा उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण पर से थाना मूंदी में अपराध क्रमांक 315/24 धारा धारा 137(2) क्रह.रु. का अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। विवेचना के दौरान सायबर सेल खण्डवा की मदद से संदेही राकेश की जानकारी प्राप्त की गई संदेही की लोकेशन नयापुरा जिला देवास में होना पाई गई। निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया थाना प्रभारी मूंदी के नेतृत्व में सउनि सूरज पाटिल, आर. 57 अमित चौहान की टीम गठित कर जिला देवास भेजा गया उक्त टीम द्वारा नयापुरा देवास में दबिश दी गई, जहाँ से अपहृता नाबालिग बालिका को आरोपी राकेश के कब्जे से बरामद कर तथा आरोपी को हिरासत मे लिया गया अपहृता के कथन अनुसार धारा 87, 64(2)रूक्ऋह.रु. 5रु6 क्रष्ह्यश ,ष्ह्र का ईजाफा कर आरोपी राकेश पिता रामलाल जाति भीलाला उम्र 20 साल निवासी मेहन्दीखेडा थाना बलवाडा जिला खरगोन को गिरफ्तार किया गया। जिसे दिनांक 21/09/24 को न्यायालय खण्डवा पेश किया गया ।

सराहनीय भूमिका– थाना मूंदी के थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया, सउनि सूरज पाटिल एवं आर. 57 अमित चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सिन्धी त्योहारों पर होगा सामूहिक आयोजन

खण्डवा।भारतीय सिन्धू सभा खण्डवा महिला शाखा की एक बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मुख्य शाखा अध्यक्ष घनश्याम वाधवा ने बताया कि भारतीय सिन्धू सभा महिला शाखा खण्डवा की एक बैठक सभा के सेवा कार्यों पर चर्चा,सदस्यता अभियान एवं आगामी सिन्धी त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाए जाने को लेकर मुख्य अतिथि आदरणीय भा सि स खण्डवा संरक्षक गेहीराम सीतलानी, प्रदेश महामंत्री युवा शाखा आकाश आहूजा, युवा शाखा अध्यक्ष सागर आरतानी, मुख्य शाखा महामंत्री साधु लखानी एवं विशेष अतिथि समाज सेविका हर्षा सीतलानी व सीमा कमनानी के साथ रखी गई । भारतीय सिंधू सभा के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि भारतीय सिन्धू सभा द्वारा अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं,जिसमें जरूरतमंद महिलाओ को मासिक सहयोग, प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृति एवं अन्य कई सेवा कार्यों प्रमुख हैं।संरक्षक गेहीराम सीतलानी ने उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि अपनी मातृ भाषा सिन्धी भाषा एवं सिन्धी तीज त्यौहार को महत्व दे,अपने घरों में सिन्धी भाषा में ही बात करें।प्रदेश महामंत्री युवा शाखा आकाश आहूजा द्वारा मातृशक्ति से सिन्धी त्योहारों पर सामूहिक आयोजन की बात पर सभी ने हर्ष ध्वनि से स्वागत किया। युवा शाखा अध्यक्ष सागर आरतानी ने हर घर से एक सदस्य को भारतीय सिन्धू सभा से जुड़ने का निवेदन किया। मुख्य शाखा महामंत्री साधु लखानी एवं विशेष अतिथि समाज सेविका हर्षा सीतलानी व सीमा कमनानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महिला शाखा अध्यक्ष कोमल होतवानी ने मातृशक्ति की खुशियों को ध्यान रखते हुए 13 दिन का गरबो की कार्यशाला में शामिल होने का निवेदन किया।कार्यशाला में प्रशिक्षक पलक चंचलानी गरबा सिखाएंगी।इस बैठक में भारतीय सिन्धू सभा महिला शाखा की कविता लालवानी,दीपिका कोटवानी,मीनाक्षी डोडवानी, हर्षा सीतलानी,नीलम बजाज, खुशी गोस्वामी,तनीषा कारड़ा, निकिता करड़ा, शामिल हुई।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर में जनभागीदारी से आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान



**खण्डवा** - खंडवा नगर निगम द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के अंतर्गत आज शहर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। डोर टू डोर जागरूकता अभियान - शहर के विभिन्न वार्डों में निगम की टीम ने घर-घर जाकर चार प्रकार के कचरा बिन का उपयोग करने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने की महत्ता पर जागरूकता फैलाई। इससे स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी और अधिक सशक्त हुई है। थ्री आर रथ की पहल - ''रीड्यूस, रीयूज, और रिसाइकल'' को बढ़ावा देने के लिए थ्री आर रथ को शहर के विभिन्न वार्डों में भेजा गया। इस दौरान कपड़े, कॉपी, किताबें, खिलौने और अन्य उपयोगी सामान एकत्र किए गए, जो जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होंगे। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम - स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए हिंदू बाल सेवा सदन में ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों के साथ पौधारोपण किया गया और सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता संवाद - महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में डीटीडीसी गेम के माध्यम से स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। इसमें नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सालय के डॉक्टरों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य पर चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार दादू, डॉ. अनंत पवार, डॉ. सपना महेशराम और डॉ. प्रियंका बोरदिया ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर बच्चों को जागरूक किया। नगर निगम की टीम भी सक्रिय रूप से इसमें शामिल रही। इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत छैगांव माखन में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली आयोजित हुई, जिसमें स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पुनासा ब्लॉक में आयोजित हुआ सफाई अभियान

**खण्डवा** - स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पुनासा ब्लॉक में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम की महिलाओं द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया।इस अभियान के माध्यम से घरों के आसपास, गली मोहल्ले, सभी जगह साफ सफाई की गई और साफ सफाई रखने का संदेश भी दिया गया। साथ ही ग्रामवासियों को स्वच्छता के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। परियोजना अधिकारी पुनासा श्री राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि साफ सफाई और स्वच्छता के संदर्भ में जन-जन को जागरूक होना अनिवार्य हैं और हर कोई स्वच्छता का महत्व समझे, इसीलिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है।

## बालाजी गरबा महोत्सव की तैयारीयो के लिए हुई महिला संगठनों बैठक

खण्डवा। माता की उपासना के पर्व नवरात्रि में प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी बालाजी धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय गरबा महोत्सव होने जा रहा है। इसी क्रम में आज आजाद नगर स्थित बालाजी ग्रुप के ऑफिस पर शहर के विभिन्न महिला संगठनों की बैठक हुई। बालाजी ग्रुप की गरिमा गोयल ने बताया कि बैठक में गरबा महोत्सव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी महिला संगठनों द्वारा अपनी अपनी राय दी गई, जिसमें माता की वंदना, आरती, पांडाल व्यवस्था, साज- सज्जा, महिला सम्मान, संस्कृति रक्षा, सामाजिक चेतना, कार्यक्रम की थीम एवं अनेक विषयों पर चर्चा करके अपनी- अपनी भूमिका तय की गई।

## भोगांवा में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**खण्डवा** - आयुष्मान भारत योजना पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत भवन भोगांवा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा मरीजों की बी.पी., शुगर जाँच , सिकल सेल एनीमिया जाँच, कैंसर की जाँच, नेत्र परीक्षण, टी.बी. एवं अन्य स्वास्थ्य जांचे की गई और उपचार किया गया, जिसमें कुल180 मरीजों का परीक्षण किया गया। बी.एम.ओ. मूंदी डॉ. रामकृष्ण झाला ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोगी 76, मोतियाबिंद 31 , बीपी शुगर व कैंसर स्क्रीनिंग 113 एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग 90 रोगियों की जांच की गई ।

# ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप दिल्ली के लिए एस.एन. कॉलेज खंडवा के अंडर ऑफिसर श्री यादव हुए चयनित

**खण्डवा** - दिल्ली में आयोजित 2024 के ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खण्डवा के कैडेट श्री रितेश यादव का चयन हुआ। इसमें महाविद्यालय के कैडेट श्री यादव का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। साथ ही वह महाविद्यालय में बी. एस. सी. तृतीय वर्ष में अध्ययनरत हैं। कैडेट श्री यादव का जुलाई में आयोजित आर्मी अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में भी चयन हुआ है। ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप के चयन के पूर्व कैडेट को कई कैंप करने एवं कठिन परिश्रम के दौर से गुजरना पड़ता है। प्रत्येक कैंप में कैडेट रितेश यादव ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें चयन प्रक्रिया में आयोजित तीन कैंप 36 एम.पी. एनसीसी बटालियन के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यहां से चयन होने के बाद रायपुर ग्रुप निदेशालय की चयन प्रक्रिया में भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। वहां से ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप दिल्ली के लिए चयन हुआ।




छात्रा विंग की एनसीसी अधिकारी प्रो. शर्मिला मीणा ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित आरडीसी परेड में महाविद्यालय की छात्रा अंडर ऑफिसर अंकिता राय ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल महाविद्यालय, जिला, बटालियन, अपितु मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया। इससे पहले भी महाविद्यालय के कई भूतपूर्व कैडेट ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके दिखाया था, जिनमें सर्वप्रथम ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप 2015 में दीपक खदवासे का चयन हुआ था। जो वर्तमान समय में भारतीय सेना में लांस नायक के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। इसी तरह प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय के कैडेट्स द्वारा दिल्ली में आयोजित होने वाली आरडीसी व टीएससी कैंप में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी तरह कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय को सम्मानित किया जा रहा है। महाविद्यालय व एनसीसी बटालियन के द्वारा कैडेट्स को प्रोत्साहित कर सुनहरा अवसर प्रदान करता है। कैडेट्स के चयन पर 36 एमपी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल के. राजेश एवं एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेश साबले ने भी अंडर ऑफिसर रितेश यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. दावरे एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त एनसीसी कैडेट के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्री एस.एस.डावर द्वारा हमेशा कैडेट्स को अपने करियर हेतु सचेत रहने एवं कठिन परिश्रम हेतु प्रेरित करते हुए सही मार्गदर्शन देकर बेहतर कार्यों के लिए प्रेरित करते है।

# महाराष्ट्र में दिग्गज नेताओं की घर वापसी की तैयारी अशोक चव्हाण के 3 करीबी कांग्रेस में शामिल

महाराष्ट्र में जिस तरह की राजनीति हो रही है वो काफी उथल पुथल के संकेत दे रही है। अपनी पार्टी छोड़ भाजपा में आए कई दिग्गज नेता अपनी अपनी अपेक्षाऐं लिए बैठे हैं। यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो प्लान बी पर भी काम चल रहा हैं। इस तरह की स्थिति लगभग हर एक दल में देखी जा रही है। यहां सीट शेयरिंग ही विवाद का सबसे बड़ा कारण बनेगा इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसकी शुरुआत कई नेताओं ने अपने बयानों से कर दी है। कांग्रेस से भाजपा में आए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हान के तीन करीबियों ने कांग्रेस में जाकर बता दिया है कि विकल्पों की कमी नहीं है। पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बहनोई और पूर्व सांसद भास्करराव पाटील खतगांवकर, उनकी बहन डॉ मीनल पाटील खतगांवकर और पूर्व विधायक ओम प्रकाश पोकर्णा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भासकरराव बिना किसी पद के लालच के ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस तरह के जमीनी कार्यकर्ता के स्वागत से उन्हें खुशी हो रही है। बता दें कि नांदेड़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद रहे वसंत चव्हाण के निधन के बाद उपचुनाव होने हैं।नाना पटोले ने कहा कि नांदेड़ में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कांग्रेस से निकलकर बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस अशोक चव्हाण पर हमलावर नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को जवाब देने के लिए यह तरीका निकाला है। ऐसे में कांग्रेस में परिवार में ही सेंध लगा दी। मीनल पाटिल खतगांवकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से टिकट मांगा था। हालांकि बीजेपी ने पूर्व सांसद प्रताप पाटिल चिखलीकर को ही टिकट दिया था। ऐसे में वह बीजेपी से असंतुष्ट थीं जिसका फायदा कांग्रेस को मिला।

कांग्रेस ने बिना अशोक चव्हाण के भी नांदेड़ सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं कांग्रेस के एक सीनयिर नेता ने यह भी कहा कि चव्हाण के करीबियों के इस तरह स्वागत से पार्टी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश भी जा सकता है। जिसका असर आने वाले चुनावों पर भी पड़ सकता है। नाना पटोले ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और सीनियर पदाधिकारियों से चर्चा के बाद भास्करराव पार्टी में आए हैं। नांदेड़ में उनके स्वागत में बड़े कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भास्करराव के आने से नांदेड़ का संगठन और मजबूत होगा। भास्करराव पाटील खतगांवकर ने कहा, मुझे लगता है कि कांग्रेस जॉइन करने केबाद मैं घर लौट आया हूं। कांग्रेस पार्टी ने मुझे विधायक,सांसद और मंत्री के तौर पर सेवा देना का अवसर दिया था। कुछ समय के लिए दूसरी पार्टी में रहने के बाद मैं लौट आया हूं। नाना पटोले के नेतृत्व में महाराष्ट्र में पार्टी मजबूत हुई है।

## अजित पवार को बड़ा झटका देने के लिए शरद पवार का बड़ा प्लान

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में एनसीपी (शरद पवार) को भारी जीत मिली। उनकी पार्टी का स्ट्राइक रेट महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा था। अब शरद पवार आगामी विधानसभा चुनाव में भी उसी स्ट्राइक रेट से महाराष्ट्र जीतने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपने भतीजे और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को सबसे बड़ा झटका देने के लिए बड़ा प्लान बनाया है। दरअसल एनसीपी (शरद पवार) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में नई मांग की है।

## अब प्रदेश के बाहर भी बेचेगी सरकार

### विपणन संघ के गोदामों में खराब हो रहा अनाज

इंदौर। मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के गोदामों में खराब हो रहे अनाज का विक्रय अब प्रदेश के बाहर गैर लाइसेंसी पार्टी को भी बेचा जा सकेगा। मार्कफेड प्रदेश के अंदर समर्थन मूल्य पर कृषि उपजों का क्रय कर उन्हें अपने गोदामों में रखता है। लंबे समय तक अनाज गोदामों में रखे रहने पर वह खराब हो जाता है। मार्कफेड अपने गोदाम में रखी कृषि उपज का विक्रय उन्हीं व्यापारियों को कर सकता था, जिनके पास मप्र के अंदर मंडी समिति में लाइसेंस है। इसके अलावा किसी अन्य को अनाज बेचा नहीं जा सकता है।

ऐसे में राज्य के बाहर के व्यापारी यह कृषि उपज क्रय नहीं कर पाते थे क्योंकि उनके पास लाइसेंस नहीं होता है। राज्य के अंदर के लाइसेंसी व्यापारी इन कृषि उपजों का क्रय करने में रुचि नहीं दिखाते हैं। इसके लिए मप्र मंडी बोर्ड ने वर्ष 2019 में जारी नियमों में संशोधन कर नए प्रावधान किए हैं। इसके अनुसार मार्कफेड राज्य के बाहर के गैर लाइसेंसी व्यापारी को भी अपनी कृषि उपज बेच सकेगा और स्वयं से माल उठाने का परिवहन अनुज्ञा-पत्र पोर्टल से जारी किया जाएगा।

# बजट से अधिक मध्य प्रदेश सरकार पर कर्ज

## 24 सितम्बर को 5,000 करोड़ कर्ज लेगी सरकार




इंदौर। मप्र सरकार लगातार कर्ज ले रही है। इस कारण प्रदेश सरकार पर बजट से अधिक कर्ज हो गया है। 31 मार्च, 2024 की स्थिति में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था, जो अब बढ़कर 3 लाख 90 हजार करोड़ रूपए का हो गया है। जबकि प्रदेश सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र में 3 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 का 3.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। वहीं नवरात्र शुरू होने के दस दिन पहले मोहन सरकार 5 हजार करोड़ रुपए कर्ज लेगी।

यह कर्ज 2500-2500 करोड़ के रूप में 24 सितंबर को लिया जाएगा। 27 दिन पहले भी 5 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। इस तरह अगस्त और सितंबर के महीने में सरकार द्वारा लिए जाने वाले लोन का आंकड़ा 15 हजार करोड़ तक पहुंच जाएगा। अकेले अगस्त महीने में सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। कर्ज की इस राशि से सरकार ने लाड़ली बहना योजना की किस्त और कर्मचारियों को महंगाई राहत के एरियर्स के भुगतान की कार्यवाही की है।

मप्र सरकार ने सितंबर में दूसरी बार 5 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में वित्त विभाग ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को लेटर ऑफ विलिंगनेस (इच्छा पत्र) भेजा है। जानकारी के अनुसार लोन दो किस्तों (ढाई-ढाई हजार करोड़) में लिया जाएगा। महीने के आखिर में सरकार के खाते में कर्ज की राशि आ जाएगी। इससे पूर्व सरकार ने 2 सितंबर को 5 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। प्रदेश सरकार सितंबर के महीने में दो अलग-अलग कर्ज लेने की तैयारी में है।

2500 करोड़ रुपए का पहला कर्ज 12 साल की अवधि सितंबर 2036 तक के लिए लिया जा रहा है जिसकी प्रोसेस 24 सितंबर को शुरू होगी और 25 सितंबर को सरकार को पैसा मिलेगा। इसी तरह 2500 करोड़ का एक अन्य लोन 19 साल तक के लिए लिया जा रहा है जिसकी अदायगी ब्याज के साथ सरकार सितंबर 2043 तक करेगी।

### शुरूआती 4 माह में नहीं लिया था कर्ज

मप्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के शुरुआती चार महीने में कोई लोन नहीं लिया था। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सरकार के पास पर्याप्त लिक्विडी होने की वजह से लोन लेने की जरुरत नहीं पड़ी, लेकिन अब विकास कार्यों के लिए पैसों की जरूरत है, इसलिए सरकार लोन ले रही है।

सरकार ने इस साल 6 अगस्त को 5 हजार करोड का पहला लोन लिया था। इसके 17 दिन बाद ही यानी 23 अगस्त को सरकार ने 5 हजार करोड़ के लोन लेने के लिए आरबीआई को लेटर ऑफ विलिंगनेस भेजा था। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कर्ज की राशि इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना या ऐसी अन्य किसी योजना पर राशि खर्च नहीं होगी। सरकार ने लाड़ली बहना योजना के लिए बजट में पहले से ही राशि का प्रावधान कर रखा है। अधिकारियों का कहना है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार अधिकतम 64 हजार करोड़ रुपए का लोन ले सकेगी।

### सरकार पर 3.75 लाख करोड़ रुपए का कर्ज

मप्र सरकार पर 31 मार्च, 2024 की स्थिति में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। पिछले वित्त वर्ष में सरकार ने 42 हजार 500 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। इसमें से 17 हजार 500 करोड रुपए का लोन मोहन सरकार के समय और 25 हजार करोड़ रुपए का लोन तत्कालीन शिवराज सरकार के समय लिया गया था। बीते वित्त वर्ष में मप्र सरकार की कर्ज लेने की सीमा 47 हजार 560 करोड़ रुपए थी। सरकार ने मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में 3 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 का 3.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था।

### इस वर्ष अब तक ऐसे लिया कर्ज

एक अगस्त 2024 को 2500-2500 करोड़ के दो कर्ज छह अगस्त को लिए जाने की अधिसूचना जारी दोनों ही कर्ज 11 साल और 21 साल की अवधि के हैं।

22 अगस्त 2024 को 2500-2500 करोड़ रुपए के दो 27 अगस्त को लिए जाने की अधिसूचना जारी दोनों ही कर्ज 14 साल और 21 साल की अवधि के हैं। अब 19 सितंबर 2024 को फिर 2500-2500 करोड़ रुपए के कर्ज 24 सितंबर को लिए जाने की अधिसूचना जारी दोनों ही कर्ज 12 साल और 19 साल की अवधि के लिए हैं। पिछले साल लिए थे 44 हजार करोड़, अब तक 3. 75 लाख करोड़ का कर्ज मध्यप्रदेश की जनता पर 31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 3 लाख 75 हजार 578 करोड़ रुपए का कर्ज है।

एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक बीजेपी सरकार ने एक साल में 44 हजार करोड़ रुपए कर्ज लिया था। इसके पहले 31 मार्च 2023 को सरकार पर कर्ज की राशि 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी।

### यह है कर्ज लेने का फार्मूला

कोई भी राज्य अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अधिकतम 3 प्रतिशत की सीमा तक ऋण ले सकता है। मप्र का सकल घरेलू उत्पाद करीब 15 लाख करोड़ रुपए है। इसी के अनुपात में मप्र सरकार की कर्ज लेने की सीमा निर्धारित की गई है।

वित्त अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 293 (3) के तहत किसी भी राज्य सरकार को कर्ज लेने की सहमति देती है। केंद्र की सहमति के बिना कोई राज्य ऋण नहीं ले सकता है।

# धर्म, संस्कृति और आध्यात्म से भारत बनेगा विश्व-गुरू : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आजादी के 100वें वर्ष 2047 में भारत विकसित देश बनने के साथ ही संस्कृति, धर्म और अध्यात्म से विश्व-गुरू का दर्जा हासिल करेगा।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेज गति से प्रगति कर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था जो दुनिया में 11वें स्थान पर होती थी। वर्तमान में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 5वें पायदान पर है और वह दिन दूर नहीं जब हम अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे स्थान पर होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सतना के टाउन हाल में ÷आध्यात्मिकता और राष्ट्र निर्माण÷ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय उद्बोधन श्रृंखला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नई पीढी अक्सर आर्थिक सुदृढता में संस्कृति और आध्यात्म से दूर होकर मार्ग से भटक जाती है। हमारे देश में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने जन्म लिया है तो हम भारतवासी अपने धर्म और अध्यात्म से अलग नहीं हो सकते। दुखी मानवता को देखकर दुखित होना, घायल और बीमार को मानवीय भावना से अस्पताल पहुंचाकर इलाज करना भी आध्यात्मिकता है।

### आचार्य श्री श्रेष्ठ जन सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश की चहुँमुखी प्रगति के साथ धर्म और अध्यात्म की पुर्नस्थापना में अतुलनीय योगदान किया है। बिना अध्यात्म के भारत को विश्व-गुरू का दर्जा दिलाने का कार्य नहीं हो सकता। हमारा धर्म, हमारा ज्ञान, हमारी आस्था और परिश्रम विकास की नई ऊंचाईयों तक पहुँचाने के साथ विश्व में शांति और कल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त्र करता है। इस अवसर पर आयोजक संस्था द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को आचार्य श्री श्रेष्ठ जन सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्री योगेश ताम्रकार, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छत्तीसगढ) के कुलगुरू आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कोल, म.प्र. कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू, कुलाधिपति, मध्यप्रदेश और अन्य प्रांतों से आये शिक्षाविद गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश में नक्सलियों की करतूत का इंटेलिजेंस इनपुट

## नक्सली अमरकंटक को बना रहे हेड क्वार्टर

इंदौर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों की सक्रियता से ठिठके नक्सलियों ने नया रेड कॉरीडोर बनाना शुरू कर दिया है। बस्तर को लालगढ़ में तब्दील करने के बाद नक्सलियों ने लाल आतंक के कॉरिडोर का विस्तार करने के लिए अमरकंटक की पहाडियों का सहारा लिया है। अमरकंटक को नक्सली अपना विस्तार हेड क्वार्टर बनाना चाहते हैं। इसके लिए, नक्सली मप्र के सतपुड़ा रेंज में आने वाले मैकाल की पहाडियों से लगे इलाकों को अपने लिए सुरक्षित ठिकाना बना रहे हैं।

इन पहाडियों की ओर कवर्धा और बालाघाट, मंडला जिलों की सीमा आती है। इस इलाके में नक्सलियों की आमदरफ्त बढ़ रही है और वे छोटी-बड़ी वारदातें भी कर रहे हैं। नक्सलियों के स्ट्रैटिजिक प्लान में दुर्गम पहाड़ी और घने जंगल से मदद मिल सकती है। अमरकंटक का आधा हिस्सा छत्तीसगढ़ में आता है, जिससे प्रदेश बदलने में आसानी होगी। अमरकंटक के घने जंगल में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां अब भी आवागमन सुलभ नहीं है। अंबिकापुर, सूरजपुर व बालाघाट से महाराष्ट्र के बीच कॉरिडोर के बीच का अहम क्षेत्र है। इंटेलिजेंस को मिले इनपुट के अनुसार प्रदेश में प्रभावी नक्सल ऑपरेशन के बाद नक्सली नए ठिकाने की तलाश में हैं। बालाघाट जिले में पिछले 1-2 साल में बड़े नक्सल विरोधी अभियान ने मप्र में नक्सलियों की जमीन हिला दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 से अधिक हार्डकोर नक्सलियों को 8 ऑपरेशन के दौरान पकड़ा जा चुका है।

ये वे नक्सली थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में आतंक मचाने के बाद मप्र के बालाघाट जिले में ठिकाना बना रखा था। अब मप्र पुलिस के एक्शन के बाद नक्सली नए छत की तलाश में हैं। अनूपपुर जिले में अमरकंटक की पहाडियां उनके लिए एक पसंदीदा क्षेत्र साबित हो सकता है। यहां के घने जंगल और दुर्गम पहाडियां उनके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो मां नर्मदा का उद्गम स्थल नक्सल समस्या से घिर जाएगा। पूर्व में भी कई बार अमरकंटक से होकर नक्सलियों के कॉरिडोर की चर्चा रही है। नक्सली अपनी मूवमेंट के लिए दुर्गम रास्तों का इस्तेमाल करते रहे हैं।

### कुछ साल पहले से चल रहा है सर्वे

नक्सली मप्र में सुरक्षित स्थान को अपना विस्तार हेड क्वार्टर बनाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अमरकंटक को चुना है। दरअसल छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ हाल ही में बड़ी कार्रवाई की है। इसीलिए नक्सली वहां से भागकर अमरकंटक से ऑपरेशन ऑपरेट करना चाहते हैं। इंटेलिजेंस को मिले इनपुट के बाद नक्सल प्रभावित जिलों में लगे फोर्स की नजर अमरकंटक पर टिक गई है। नक्सलियों ने साल 2016-2017 से अमरकंटक में विस्तार हेड क्वार्टर खोलने के लिए सर्वे शुरू किया था। इसके बाद चोरी-छिपे वहां उनका मूवमेंट शुरू हुआ। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का हेड ऑफिस बस्तर अंचल के अबूझमाड़ में है। अबूझमाड़ का कुछ हिस्सा महाराष्ट्र और कुछ आंध्रप्रदेश में पढ़ता है। विगत वर्षो में बालाघाट में हुए एनकाउंटर में पुलिस को नक्सलियों से दस्तावेज मिले थे, जिसके बाद खुलासा हुआ कि उनकी योजना अमरकंटक में विस्तार हेड क्वार्टर खोलने की है। यदि वे अमरकंटक में विस्तार हेड क्वार्टर खोलने में सफल नहीं हुए तो संभवतः बालाघाट में हेड क्वार्टर खोला जाएगा।

### छत्तीसगढ़ से आसान हो सकेगा संपर्क

प्रदेश की प्रमुख नर्मदा नदी के उद्गम स्थल के साथ ही अमरकंटक का धार्मिक महत्त्व भी है। यहां ऊंची पहाडियों के साथ ही घने जंगल, दुर्गम पहाडियों के अलावा सबसे जरूरी छत्तीसगढ़ से सीधा जुड़ाव है। अमरकंटक की आधी पहाडियां मध्यप्रदेश में हैं तो शेष छत्तीसगढ़ में। नक्सली ऐसे क्षेत्र को पसंद करते हैं जहां से वारदात के बाद आसानी से दूसरे प्रदेश तक पहुंचा जा सके।

### बालाघाट में कार्रवाई से घबड़ाए



महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ की सीमा पर प्रदेश के बालाघाट जिले का लोकेशन नक्सलियों के लिए बेहद अहम रहा है। पुलिस की जांच में कई बार स्पष्ट हुआ है कि समीपी प्रदेशों में वारदात के बाद नक्सलियों ने बालाघाट के जंगलों में शरण ली है। बालाघाट में पुलिस ने बीते 5 साल में 20 से ज्यादा नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इन नक्सलियों पर महाराष्ट्र, मप्र, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में 3 करोड़ से ज्यादा का इनाम था। पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया, जिन पर 1 करोड़ से ज्यादा का इनाम घोषित था।

इस बीच पिछले दो साल में प्रदेश के विशेष दस्ते ने 8 बार नक्सल क्षेत्रों में दबिश देकर उनके प्लान नाकाम भी किए। यहां 13 नक्सलियों को भी पुलिस ने ढेर किया है। बालाघाट में उनके गुप्त ठीहों पर बढ़ती मूवमेंट के बाद नक्सली नए ठिकाने की तलाश में लगे हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com